# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 27 मई 2026












## खबर संक्षेप

### राम रहीम फिर जेल से बाहर 30 दिन की मिली पैरोल


**नई दिल्ली।** सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर जेल से रिहाई मिल गई है। सोमवार को



उसे 30 दिन की पैरोल दी गई है। साल 2020 के बाद से यह 16वां मौका है जब राम रहीम को अस्थायी रिहाई (पैरोल या फरलो) मिली है। राम रहीम दो साध्वियों से रेप के मामले में 2017 से रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की सजा काट रहा है। 16वीं बार पैरोल मिलने के बाद यह कानूनी प्रावधान एक बार फिर देश भर में चर्चा का विषय बन गया है।

### दिल्ली में 2 रुपए फिर महंगी हुई सीएनजी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल के बाद अब आम जनता पर सीएनजी की महंगाई की मार पड़ी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में



सीएनजी की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। इस ताजा वृद्धि के बाद दिल्ली में सीएनजी की नई कीमत अब 83.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। पिछले 11 दिनों के भीतर सीएनजी के दामों में यह चौथी बढ़ोतरी है, जिससे कुल मिलाकर कीमतें 6 रुपए तक बढ़ चुकी हैं। इससे पहले 15, 18 और 23 मई को भी दाम बढ़ाए गए थे।

### एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर एसी बस पलटी, 7 की मौत

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से बिहार



जा रही एक तेज रफ्तार डबल डेकर एसी बस औरास थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे में बिहार पुलिस के एक दरोगा और एक कैदी समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 पुलिसकर्मियों सहित 25 यात्री घायल हुए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, ड्राइवर को झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ। बस डिवाइडर से टकराकर रेलिंग पर लटक गई।

## ट्विशा डेथ केस — गिरिबाला सिंह के घर पहुंची सीबीआई, महत्वपूर्ण सबूत जब्त

# समर्थ से पूछा - 10 दिन कहां रहे? मां और बेटे से 2 घंटे तक 'पूछताछ'



घटना स्थल पर टीम

*भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि हमने सीबीआई को पूरे डिजिटल एविडेंस दे दिए हैं। हमारी टीम जांच पूरी नहीं कर पाई है। इस बीच सीबीआई ने केस अपने पास ले लिया, फिर से एफआईआर दर्ज की गई है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक्ट्रेस व मॉडल ट्विशा शर्मा मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच तेज कर दी है। मंगलवार को दिल्ली से आई सीबीआई टीम रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के बाग मुगलिया स्थित घर पहुंची और घटनास्थल का स्पॉट वैरिफिकेशन किया। टीम ने मौके से सीसीटीवी फुटेज समेत कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए। इस दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से दो घंटे तक पूछताछ की गई है। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम घर से निकली और फिर ट्विशा के परिजनों से पूछताछ के लिए पहुंची। आर्मी कैंट स्थित गेस्ट हाउस में सीबीआई ने परिवार के लोगों से अलग-अलग रूम में बयान लिए।




**जिन 46 बड़े लोगों को गिरिबाला ने फोन किए, उनके भी बयान लेगी सीबीआई**



गिरिबाला के घर पर सीबीआई की टीम जायजा लेते हुए

- *3 दिन की पूछताछ में एसआईटी खाली हाथ*
- *एसआईटी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल*
- *7 दिन के रिमांड में होंगे कई अहम खुलासे*

### पुलिस कमिश्नर से मिली सीबीआई टीम

शाम को सीबीआई अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात की। इस दौरान केस से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल डिवाइसेज और अन्य सबूत सीबीआई को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

### सीबीआई ने एसआईटी की जांच पर नाराजगी जताई

मामले में भोपाल पुलिस की एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सीबीआई ने भी एसआईटी की जांच को लेकर नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि अब तक केस डायरी तक पूरी नहीं हो पाई थी। सात दिन की रिमांड और तीन दिन की पूछताछ के बावजूद एसआईटी पति समर्थ सिंह से अहम जानकारी नहीं निकाल पाई। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के बाद समर्थ कहां था और घटनाक्रम क्या रहा? ट्विशा के परिजन पहले से ही पुलिस जांच पर सवाल उठा रहे थे। उनका आरोप था कि मामले में शुरुआती स्तर पर लापरवाही बरती गई और साक्ष्यों को सुरक्षित रखने में देरी हुई।

### समर्थ को मेडिकल के लिए एम्स ले जाया गया

शाम को पुलिस टीम समर्थ सिंह को कटारा हिल्स थाने से मेडिकल परीक्षण के लिए एम्स लेकर पहुंची। मेडिकल प्रक्रिया पूरी करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सीबीआई की टीम अब कटारा हिल्स थाने पहुंचकर केस डायरी, डिजिटल रिकॉर्ड और जब्त सामग्री की जांच कर सकती है। सीबीआई पिछले पांच दिनों के पुलिस जांच की भी एक बार पड़ताल करेगी कि कौन से पहलू पर पुलिस जांच कर रही थी?

### समर्थ बोला- मैंने उस पर कभी हाथ नहीं उठाया

सीबीआई से समर्थ ने कहा है कि उसने कभी ट्विशा पर हाथ नहीं उठाया है कभी-कभार विवाद जरूर होता था लेकिन हमने कभी इस विषय को मारपीट का रूप नहीं दिया। वहीं, गिरिबाला सिंह ने सीबीआई से कहा कि मेरे घर में 15 साल बाद बहू नहीं बेटी आई थी। उन्होंने अपना पुराना बयान ही सीबीआई को बताया। सीबीआई ने कहा कि आगे पूछताछ की जरूरत पड़ेगी तो वह फिर से आएगी।

## वन मंत्री बोले- महामारी का खतरा नहीं

# वायरस अटैक का संदेह : गुजरात में गिर के जंगलों में 5 शेरों की मौत

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के गिर वन क्षेत्र से शेरों की मौत की खबर सामने आई है। यहां हाल ही में दो शेर शावकों की संदिग्ध बाबेसिया वायरस संक्रमण के कारण मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य शेरों की जान प्राकृतिक कारणों और आपसी संघर्ष की वजह से गई है। राज्य के वन मंत्री

**2 शावकों में बाबेसिया वायरस के लक्षण**



अर्जुन मोढवाडिया ने मंगलवार को स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि गिर के जंगलों में किसी भी तरह के बड़े संक्रमण या महामारी जैसी स्थिति नहीं है। प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स (वाइल्डलाइफ) जयपाल सिंह ने बताया कि ये मौतें अलग-अलग घटनाओं का परिणाम हैं और इनमें कुछ भी असामान्य नहीं है। मरने वाले शावकों में से दो बहुत छोटे थे। बाकी दो शेरों की मौत प्राकृतिक कारणों से और एक की जान आपसी लड़ाई में गई है, जिनका वायरस से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि जंगलों में शावकों की जीवित रहने की सामान्य दर 50% ही होती है, लेकिन गिर में लगातार निगरानी और बेहतर मेडिकल सुविधाओं के कारण मृत्यु दर काफी नियंत्रित है। शेरों की पहचान कर उनके सैंपल लिए जा रहे हैं। संक्रमित पाए जाने वाले शेरों का तुरंत इलाज शुरू किया जा रहा है।

## हाई कोर्ट के फैसले से नहीं है संतुष्ट

# भोजशाला विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट मुस्लिम पक्ष ने दायर की फिर अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ इंदौर

भोजशाला परिसर को लेकर कानूनी लड़ाई अब देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंच गई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के हालिया फैसले के विरुद्ध मौला कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। सोसाइटी के सदर अब्दुल समद ने इस बात की पुष्टि की है। गौरतलब है कि

**याचिका में कहा- एएसआई ने सर्वे में मिले अवशेषों की कार्बन डेटिंग नहीं कराई**



इससे पहले 21 मई को काजी मोइनुद्दीन द्वारा भी इस फैसले के खिलाफ एक याचिका दायर की जा चुकी है, जो फिलहाल शीर्ष अदालत में लंबित है। इससे पहले, 15 मई 2026 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ (न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ) ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया था। कोर्ट ने भोजशाला को मस्जिद न मानकर मंदिर घोषित किया था। इसके साथ ही, अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के 7 अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया था।

## जींद- सोनीपत रूट पर दौड़ेगी

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को मिली मंजूरी

*75 किमी प्रति घंटे की होगी अधिकतम गति*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने पर्यावरण अनुकूल तकनीक की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन (फ्यूल सेल) आधारित 10-कोच वाली ट्रेन के ट्रायल संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत उत्तरी रेलवे और अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) को दिल्ली डिवीजन के जींद-सोनीपत रूट



हाइड्रोजन ट्रेन

पर इस ट्रेन को चलाने की अनुमति मिल गई है। रेलवे बोर्ड के मुताबिक यह ट्रेन इस समर्पित रूट पर 75 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी। तकनीकी रूप से यह ब्रॉड गेज प्लेटफॉर्म पर दुनिया का सबसे लंबा (10 कोच) और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनसेट है।

### जर्मनी, स्वीडन, जापान और चीन की कतार में हम भी

यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है, इससे कार्बन डाइऑक्साइड की जगह केवल जलवाष्प उत्सर्जित होगी। ट्रेन का निर्धारित मेंटेनेंस दिल्ली के शकूरबस्ती में किया जाएगा।

# गंगा दशहरे पर सीएम ने मां शिप्रा को अर्पित की चुनरी



### रामघाट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में गंगा दशहरा के अवसर पर दो दिवसीय 'मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा' का भव्य समापन रामघाट पर हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक कार्यक्रम में शामिल होकर मां शिप्रा की विशेष पूजा-अर्चना की।

## खजुराहो में 46.4 और नौगांव का पारा 45.6 डिग्री पर, कई जिलों में हीटवेव

टीकमगढ़, सतना, रीवा, दमोह, दतिया, राजगढ़ और श्योपुर में हीटवेव का असर

# आसमान में अभी भी आग का खेल... लू के बीच 20 शहरों में पारा 44 से 45 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को भीषण गर्मी और अधिकांश जिलों में लू जैसे हालात रहे। कुछ जिलों में तीव्र लू चलने से आम जनजीवन प्रभावित रहा है। करीब एक डिग्री के उतार-चढ़ाव के बीच 20 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहा, जबकि खजुराहो में सर्वाधिक 46.4 और नौगांव में 45.6 डिग्री दर्ज किया गया है। यहां सीवियर हीटवेव रही। 7 जिलों में हीटवेव का असर रहा। इनमें टीकमगढ़, सतना, रीवा, दमोह, दतिया, राजगढ़ और श्योपुर जिले शामिल हैं।



गमछा ही सहारा, भोपाल के डीआईजी बंगला रोड का दृश्य

**3 से 5 डिग्री तक गिरेगा पाराः** विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 28 मई के बाद प्रदेश के कुछ जिलों में आंधी बारिश का दौर चलेगा। धीरे धीरे यह क्रम प्रदेश के अधिकांश जिलों में शुरू होगा।

### आज यहां रेड अलर्ट

बुधवार को रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में सीवियर हीटवेव का रेड अलर्ट है। विदिशा, रायसेन, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, मैहर, ग्वालियर, दतिया, राजगढ़, आगर में तेज गर्मी और कुछ जगह गर्म रात रह सकती है। भोपाल में मौसम लगभग ऐसा ही रहेगा।



## राज्य में निवेश आसान हुआ, और सभी जरूरतें पूरी हुईं

# पीएम मोदी के 5 सूत्रों को सीएम डॉ.यादव ने अपनाया, तमाम जरूरतों को पूरा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का फायदा मध्य प्रदेश को मिल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उनके एक एक शब्द पर अमल करते हैं जिसके कारण राज्य के विकास को पंख लगे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने 5 प्रमुख बिंदुओं पर बल दिया, जो निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कें बनीं। 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ। राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए हैं। रीवा और ओंकारेश्वर सोलर प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना। मध्यप्रदेश में 31,000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता है, जिसमें 30% नवीकरणीय ऊर्जा शामिल है। मध्यप्रदेश को देश का फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मिलेट्स (श्री अन्न) और जैविक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाएं दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर में रिकॉर्ड निवेश आ रहा है।


पीएम नरेंद्र मोदी से मार्गदर्शन लेते हुए सीएम डॉ.मोहन यादव

**पीएम मोदी के 5 सूत्र जिससे निवेश आसान हुआ**

(1) 5 लाख किमी की बेहतरीन चमचमाती सड़कें
2) 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ
(3) राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए
(4) मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना
(5) मध्यप्रदेश देश का फूड प्रोसेसिंग हब बना

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीथमपुर को भारत का डिफेंस और ऑटोमोबाइल हब बनाने की योजना है। ओंकारेश्वर, उज्जैन महाकाल लोक और सांची जैसे धरोहर स्थल वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और हील इन इंडिया ₹अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों की प्रशंसा की और निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर को पार करेगी और मध्यप्रदेश इसमें अहम योगदान देगा ।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब विरासत भी, विकास भी की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है । केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उपयोगी नीतियाँ अपनाई गई हैं। लॉजिस्टिक्स हब, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक गलियारों का तेजी से विकास हो रहा है। टेक्सटाइल, फार्मा,ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

## भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव बना प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि राज्य सरकार ने उद्योग वर्ष घोषित कर नवाचार, तकनीक और निवेश को प्रोत्साहित किया। मध्यप्रदेश को कॉटन कैपिटल ऑफ इंडिया का दर्जा मिला है । चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों को जीआई टैग मिला है, जिससे इनके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। महाकाल लोक और रामराजा लोक जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्रों को विकसित किया गया है। राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्वों को इको-टूरिज्म से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर में नए टेक्नोलॉजी पार्क विकसित किए जा रहे हैं। राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में निवेश को बढ़ावा मिल रहा है। इससे राज्य की युवा प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश से गुजर रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा। देवास, पीथमपुर और रतलाम में हजारों एकड़ में नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। ्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास बना नजीर

# सीएम डॉ.यादव ने औद्योगीकरण के लिए 'लोकल से ग्लोबल' दृष्टिकोण अपनाया




मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए लोकल से ग्लोबल दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इस रणनीति के तहत रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के ठोस प्रयास किए गए हैं। यह पहल न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति दे रही हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही हैं। औद्योगिक विकास की नींव तब मजबूत होती है जब स्थानीय उद्योगों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और निवेश का अवसर मिलता है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने बीते कुछ महीनों में संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए,

- संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए
- स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों से बात कर उनका भरोसा जीता
- नतीजा ये रहा-भरोसा बढ़ा और निवेश की झड़ी लग गई

जिनका उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को निवेशकों और बड़े उद्योगपतियों से जोड़ना था।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कारण स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान मिली। छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जोड़ा गया। इससे निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने की रुचि दिखाई। इसके साथ ही उद्योगों को और अधिक अनुकूल माहौल देने के लिए आवश्यक बदलावों पर विचार किया गया। बढ़ते उद्योगों के कारण युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित हुए। इन कॉन्क्लेव्स के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे छोटे और मझोले उद्योगों को नई उड़ान मिली। प्रदेशभर में रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक निवेश को भी आकर्षित करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

## केंद्र सरकार ने सीएम डॉ. यादव के कामों को सराहा

औद्योगिक क्रांति के इस नए दौर में, मध्यप्रदेश सिर्फ निवेशकों के लिए एक संभावनाओं से भरा प्रदेश नहीं, बल्कि एक ऐसा हब बन गया है जहां उद्योग, व्यापार और नवाचार एक साथ विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन प्रयासों का प्रभाव और अधिक स्पष्ट होगा, जिससे प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। राजधानी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के आयोजन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रिमण्डल सहयोगी तथा अफसरों के टीमवर्क की हौसला अफजाई करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने ₹विकास की नई उड़ान₹ थीम पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य का अहम स्तंभ बनेगा। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जब दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, तब मध्यप्रदेश जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में हो रहे नवाचार

# राज्य सरकार की सेमी कंडक्टर और स्टार्ट-अप पॉलिसी,मील का पत्थर बनी

देश में टियर 2 सिटी टेक्नोलॉजी सेक्टर में लीडर बनकर उभर रहे हैं। इनमें जयपुर, इंदौर और भोपाल भी शामिल हैं। टीयर 1 सिटीज में ट्रैफिक और प्रदूषण जैसी समस्याएं होती हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी नई नीतियों में उद्योग-व्यापार को सहज-सरल बनाने पर ध्यान दिया गया है। मध्यप्रदेश सांस्कृतिक विविधता, खानपान दृष्टि से समृद्ध है। प्रदेश में 9 हवाई अड्डे है और यहां से इंटरनेशनल उड़ानें उपलब्ध हैं। प्रदेश में 21 अभायरण्य, 12 नेशनल पार्क और 7 टाइगर रिजर्व और 3 यूनेस्को साइट हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और चीता स्टेट भी है। प्रदेश में बिजली सबसे सस्ती दरों पर मिलती है। भोपाल में एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ भूमि पर एआई एवं नॉलेज सिटी पर काम चल रहा है। राज्य सरकार डेटा सेंटर स्थापित करने पर 2 रुपए प्रति यूनिट इलेक्ट्रिसिटी सब्सिडी दे रही है। हमने जीसीसी पॉलिसी 2025 के माध्यम से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक बेहतर माहौल तैयार किया है। प्रदेश में फिल्म निर्माण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। राज्य सरकार ने सेमी कंडक्टर पॉलिसी, स्टार्ट-अप पॉलिसी लॉन्च की हैं। प्रदेश में आईटी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 30 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 34 करोड़ और सेमी कंडक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 38 करोड़ सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। समिट में मध्यप्रदेश की मजबूत उद्योग शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए, राज्य में मुख्यालय या परिचालन आधारित विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश की प्रौद्योगिकी सफलता एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्यमों को सशक्त बनाने में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर देशभर में चर्चा हो रही है। सीईओ इम्पेटस टेक्नोलॉजीज श्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मध्यप्रदेश में कार्यरत हैं।उस समय राज्य में आईटी इकोसिस्टम की शुरुआत हो रही थी।

### ऐसे हुआ अनुकूल वातावरण का निर्माण

मध्यप्रदेश सरकार का व्यावहारिक सहयोग, संवाद के प्रति खुलापन, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।यदि कोई निवेशक सतत विकास, मजबूत सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मध्यप्रदेश इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।



## प्राकृतिक संसाधनों की भरमार

मध्यप्रदेश में उद्योग काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। यहां चूना पत्थर, कोयला, तिलहन, दालें, बॉक्साइट, लौह अयस्क, हीरा, तांबा अयस्क, मैंगनीज अयस्क, रॉक फॉस्फेट, सिलिका, सोया, कपास और अन्य प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है। राज्य में कपड़ा, सीमेंट, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट, फार्मा और ऑप्टिकल फाइबर जैसे क्षेत्रों के लिए एक मजबूत औद्योगिक नींव बनी हुई है। राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए मध्यप्रदेश संसाधनों से समृद्ध राज्य है। प्रगतिशील नीतियों और सक्रिय उपायों के माध्यम से सरकार लगातार कारोबारी माहौल में सुधार कर रही है। मध्यप्रदेश के संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में निवेशकों में जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की संगोष्ठी का आयोजन करती है। अपने संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक वातावरण बनाने पर ध्यान देते हुए, मध्यप्रदेश बहुत जल्द ही औद्योगिक समुदाय के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनने की उम्मीद रखता है।



### मध्यप्रदेश सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला देश का तीसरा राज्य

# 104 अरब डॉलर का निवेश और देश में प्रदेश का अपना मॉडल चर्चित

- *आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व योगदान*
- *राज्य के पास अपनी प्राकृतिक संपदा की समृध्द विरासत*

मध्यप्रदेश, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जो प्राकृतिक संसाधनों, स्वास्थ्यकर वातावरण और उपजाऊ कृषि वातावरण स्थितियों से संपन्न है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है। बाजार की ताकतों ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को निर्देशित करना शुरू कर दिया है। आर्थिक विकास के लिए औद्योगिक विकास में निवेश बढ़ाना, मध्यप्रदेश के लिए प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों में से एक है। तेजी से विकसित हो रहा यह राज्य विभिन्न क्षेत्रों में भारी व्यापार के अवसर प्रदान करता है। मध्यप्रदेश में निवेशकों को परियोजना के स्थान, बुनियादी ढांचे, प्रोत्साहन और अन्य सुविधाओं के मामले में बेहतर विकल्प उपलब्ध है। वर्तमान समय में विभिन्न चरणों में 104 अरब से अधिक अमेरिकी डॉलर वाले निवेश के प्रस्ताव हैं। बड़ी बात ये है कि मप्र में जिस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप किया गया है वो चर्चित हो रहा है।

मध्यप्रदेश विकास और अवसरों का केंद्र होने के साथ निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सभी राज्यों के बीच औद्योगिक विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के सभी राज्यों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आज भी उहापोह की स्थिति में है, ऐसी परिस्थिति में भी भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के लोकतंत्र में 'जियो और जीने दो' की भावना समाहित है। उद्योग-व्यापार से कई लोगों के जीवन में सवेरा आता है। इससे पवित्र काम कुछ नहीं हो सकता है। मध्यप्रदेश विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। हमारे टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल में हमने प्रदेश में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है।

**निवेश के व्यापक अवसर:** मध्यप्रदेश में होटल, हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डाक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### ऐसे मजबूत हुआ मप्र

**मजबूत अर्थव्यवस्था** : अवधि के दौरान 9.5% के प्रभावशाली सीएजीआर के साथ भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहा राज्य

**मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचा** : औद्योगिक निवेश की सुविधा के लिए 231 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र, 19 विकास केंद्र, चार अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 12 उत्पाद विशिष्ट औद्योगिक पार्क।

**रणनीतिक स्थान** : भारत के केंद्र में स्थित, देश भर के सभी प्रमुख बाजारों और प्रथम स्तरीय शहरों के करीब।

**शांतिपूर्ण माहौल** : राज्य में निवेश प्रक्रिया की निर्बाध सुविधा के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई निवेशक अनुकूल नीतियां बनाई है और एकल खिड़की सचिवालय, म. प्र. ट्रायफेक का निर्माण किया है।

**बेहतरीन कनेक्टिविटी** : 99403 किमी. की मजबूत सड़क का नेटवर्क, जो राज्य को एक आदर्श स्थल, केंद्रीकृत विनिर्माण और वितरण का केंद्र बनाता है।

**औद्योगिक उपयोग के लिए बड़े पैमाने पर भूमि** : राज्य भर में विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर औद्योगिक उपयोग के लिए 16,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि।

**मजबूत उपभोक्ता आधार** : 70 लाख से अधिक की आबादी के साथ, बड़े शहरों की 40% विकास दर की तुलना में राज्य की दशक की शहरीकरण विकास दर 26% की है।

### सुविधा संपन्न राज्य

- उद्योग अनुकूल प्रशासन का निर्माण और एक पैनी औद्योगिक संवर्धन नीति।
- छोटे, माध्यम और कुटीर उद्यमों के विकास के लिए राज्य, सुविधाजनक वातावरण प्रदान करता है।
- यहां विशेष आर्थिक क्षेत्र है।
- उद्योगों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है।
- प्रमुख औद्योगिक शहरों के साथ एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध है।
- 25 करोड़ रुपए से अधिक निवेश वाली बड़ी निवेश परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहन के साथ विशेष पैकेज।
- औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए सहायता।
- पर्यटन परियोजनाओं के लिए रियायतें।
- परियोजना क्लीयरेंस कार्यान्वयन बोर्ड (पीसीबी) के माध्यम से मेगा परियोजनाओं को एकल तालिका मंजूरी। लगभग 2,64,129 करोड़ रुपए लागत वाली परियोजनाएं की है।

D-16014/26

जबलपुर
बुधवार 27 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -11
वर्ष : 21, अंक : 27
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 44
न्यून. 32

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए

ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा- होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है

# क्वाड देशों ने कहा-होर्मुज को खोला जाना चाहिए, जहाजों से कोई टैक्स न लिया जाए

- ग्लोबल सप्लाई चेन पर चारों विदेश मंत्रियों में बनी सहमति
- विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है। क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रूबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे।



### आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस

विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि बैठक में 3 बड़े फैसलों पर चर्चा की गई।

### क्वाड में 3 बड़े फैसलों पर सहमति

1. क्वाड देशों ने समुद्र से जुड़ी जानकारी साझा करने और निगरानी बढ़ाने पर सहमति जताई है। बंदरगाहों से जुड़ी सुविधाओं के लिए एक एक्सपर्ट टीम बनाने पर भी विचार होगा। साथ ही फिजी में नया पोर्ट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा और समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स पर मिलकर काम होगा।
2. क्वाड देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स के लिए एक साझा फ्रेमवर्क तैयार किया है। भारत और अमेरिका ने भी इस मुद्दे पर अलग समझौता किया है। क्वाड अब इस काम में दूसरे देशों को भी जोड़ने की कोशिश करेगा।
3. इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में ऊर्जा सप्लाई को सुरक्षित रखने के लिए नई पहल शुरू की गई है। इसमें नई तकनीक, बेहतर प्रबंधन, नीतियां, अंतरराष्ट्रीय बाजार की जानकारी और इमरजेंसी अभ्यास जैसी चीजें शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप

### लू से मासूम की हुई मौत सदमे में मां ने भी तोड़ा दम



**छतरपुर।** जिले से नौतपा की भीषण गर्मी के बीच एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां हरपालपुर क्षेत्र में लू की चपेट में आने से जहां 6 साल के एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, वहीं इस गहरे सदमे को बर्दाश्त न कर पाने के कारण उसकी मां ने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, रजिया खातून का 6 वर्षीय बेटा हसनैन अहमद शनिवार दोपहर तेज धूप और भीषण लू की चपेट में आ गया था।

### पांच मजदूरों की मिट्टी धंसने से मौत

**पन्ना।** जयरामजी योजना हो या मनरेगा योजना जिसके तहत मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी प्रावधान है यहां मनरेगा योजना से स्वीकृत कुंआ तो मौत का कुंआ बना आखिर निश्चिततौरपर प्रदेश के मुखिया ने जहां मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रू प्रदान करने के लिये जरूर घोषणा की पर सिस्टम की पोल भी खुल रही है किस तरह से पंचायतों में भर्रेशाही का आलम है जीता जागता उदाहरण। जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत मनरेगा योजना (जयरामजी योजना) से स्वीकृत कुंआ ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के ग्राम कडरहा में जहां कुंए का कार्य ठेके पर पंचायत के द्वारा दिया गया था जिसमें पांच मजदूरों की मिट्टी धसने से मौत हो गई ।

### पीतांबरा पीठ प्रबंधन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



**दतिया।** विश्व प्रसिद्ध श्री पीतांबरा पीठ से जुड़े साधकों ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर ट्रस्ट और व्यवस्थापक महेश दुबे पर भ्रष्टाचार, आर्थिक अनियमितताओं और धार्मिक परंपराओं के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि मंदिर में प्रवेश और पूजा से रोका जा रहा है, भंडार गृह से सामान गायब होने के वीडियो पर कार्रवाई नहीं हुई और कोरोना काल के प्रसाद विक्रय व दान में भारी हेरफेर की गई है।

## जनसांख्यिकीय बदलावों की होगी जांच, सुनियोजित और समयबद्ध समाधान निकाला जाएगा

# अब देश में घुसपैठियों की खैर नहीं डेमोग्राफिक चेंज पर कमेटी बनाई

*गृह मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव हमारी संप्रभुता के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नावलेकर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसांख्यिकीय बदलावों पर एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है, ताकि अवैध प्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से पूरे भारत में हो रहे ।

**जस्टिस नावलेकर होंगे कमेटी के अध्यक्ष**





एआई इमेज

### घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेगी सरकार

शाह ने कई बार अलग-अलग मंचों से देश में घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल घुसपैठ रोकने का बल्कि हर एक अवैध व्यक्ति की पहचान करने और उन्हें देश से बाहर निकालने का भी संकल्प लिया है।

### पिछले साल पीएम ने लाल किले से किया था ऐलान

शाह ने एक्स पर लिखा- घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च-स्तरीय समिति की घोषणा की थी। सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है।



## प्रशिक्षण शिविर में बिगड़ी तबीयत

### छग योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा का दिल के दौरे से हुआ निधन



■ सीएम साय ने कहा-यह अत्यंत ही पीड़ादायक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का निधन हो गया है। भाजपा प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान ही उनका निधन हो गया। साय सरकार में इन्हे कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। उनके निधन से भाजपा में शोक की लहर छा गई है। बिलासपुर में हो रहे भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हे अचानक सीने में तेज दर्द और घबराहट महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उपचार शुरु किया।

## रेत माफिया का फिर दुस्साहस

### खनिज टीम पर डंपर चढ़ाने का किया प्रयास, दी धमकी



■ डंपर को जब्त किया, कड़े एक्शन की तैयारी

**पन्ना।** जिले में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने गई खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार को अजयगढ़ बाईपास मार्ग पर एक अवैध रेत से भरे डंपर चालक ने कार्रवाई से बचने के लिए खनिज टीम पर ही वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। घटना के दौरान कुछ स्थानीय दबंग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने खनिज निरीक्षक विनीत परौंहा और उनके स्टाफ को सरेआम धमकाते हुए प्रशासन को खुली चुनौती दी। खनिज अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि इस हमले के बाद डंपर ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। कुछ ही देर बाद वाहन मालिक एक अन्य व्यक्ति के साथ मुंह पर कपड़ा बांधकर वहां पहुंचा और डंपर को जब्त होने से बचाने के लिए उसके पहियों की हवा निकाल दी।

## 10 साल से न्याय न मिलने का आरोप

### कलेक्ट्रेट परिसर में युवक ने की आत्मदाह की कोशिश



■ रामचरितमानस में भी लगाई, बाद में माफी मांगी

**सागर।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जैसीनगर के घोघरी गांव निवासी बहादुर चढ़ार (37) ने रामचरितमानस में आग लगा दी। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने उसे समय रहते सुरक्षित पकड़ लिया। बहादुर का आरोप है कि साल 2015 में मुन्ना सिंह बुंदेला नामक व्यक्ति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी और कट्टा अड़ाकर पेशाब मिला खाना खिलाया था। युवक के अनुसार, वह पिछले 10 साल से न्याय के लिए थाने और एसपी ऑफिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।


## कर कटौतीकर्ता कृपया ध्यान दें :

**निर्धारित समय-सीमा की चूक, रोजाना बढ़ा सकती है आपका खर्च**

**तारीख चूकी, तो देना होगा जुर्माना**

टीडीएस विवरणी विलम्ब से फाइल करने पर प्रति दिन ₹ 200 का शुल्क देय होगा

**31 मई, 2026 तक टीडीएस विवरणी फाइल करें**

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अंतिम तिथि 31 मई, 2026 है।



**टीडीएस प्रमाणपत्र डाउनलोड करें**

- फार्म सं. 16 / 16A में 7 अंकों का टीडीएस प्रमाणपत्र संख्या वाला टीडीएस प्रमाणपत्र, https://www.tdscpc.gov.in से डाउनलोड करना अनिवार्य है
- केवल ट्रेसिस पोर्टल से डाउनलोड किया गया टीडीएस प्रमाणपत्र ही वैध प्रमाणपत्र है। ई-फाइल की गई टीडीएस विवरणी में पैन गलत लिखने पर अथवा नहीं लिखने पर ट्रेसिस पोर्टल से टीडीएस प्रमाणपत्र डाउनलोड नहीं किया जा सकता है
- फार्म सं. 27Q में उल्लिखित बिना पैन वाले अनिवासियों के मामले (जिनमें कटौती की गई है) में टीडीएस प्रमाणपत्र की जगह संव्यवहार आधारित रिपोर्ट (टीबीआर) डाउनलोड की जा सकती है

**टीडीएस प्रमाणपत्र जारी करें**

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु फार्म सं. 16 (वेतन पर) और फार्म सं. 16A (वेतन के अलावा अन्य आय पर) में टीडीएस प्रमाणपत्र 15 जून, 2026 तक जारी करें

(टीडीएस प्रमाणपत्र विलम्ब से जारी करने पर चूक के प्रत्येक दिन के लिए ₹500/- का जुर्माना देय होगा जो कटौती योग्य /संग्रह योग्य कर की राशि से अधिक नहीं होगा)

**सावधान!**

- जो कटौतीकर्ता कर कटौती कर चुके हैं लेकिन उसे निर्धारित तिथि तक जमा नहीं किया है, वे इसे तुरंत जमा करें
- सभी कटौतीकर्ता स्वयं को https://www.tdscpc.gov.in पर अवश्य पंजीकृत कराएं
- अपने टैन व डिडक्टियों के पैन का सही उल्लेख करें, ताकि वह अपना उचित कर क्रेडिट प्राप्त कर सकें
- टीडीएस विवरणी में टैन या पैन का उल्लेख नहीं करने पर प्रसंस्करण के दौरान शास्ति अथवा डिफॉल्ट लगाया जा सकता है
- कम भुगतान की चूक से बचने के लिए चालान का सही सिन (CIN) लिखें
- प्रारंभिक जांच में पैन एवं चालान की त्रुटियों के बारे में सीपीसी (टीडीएस) से प्राप्त ई-मेल/एसएमएस का उत्तर ई-मेल /एसएमएस प्राप्त होने के सात दिन के अन्दर देकर कटौतीकर्ता चूक करने से बच सकते हैं
- डिडक्टी के पैन से संबंधित त्रुटियों को जांचने के लिए ट्रेसिस पोर्टल पर उपलब्ध पैन-टैन मास्टर का उपयोग करें
- यदि इस तिमाही में आपका टीडीएस/टीसीएस से संबंधित कोई संव्यवहार नहीं हुआ है, तो टीडीएस विवरणी दाखिल न करने के नोटिस से बचने के लिए "डिक्लेरेशन फॉर नॉन-फाइलिंग" प्रणाली का प्रयोग करके इसकी सूचना ट्रेसिस पोर्टल पर दें

टीडीएस विवरणी ई-फाइल करें

समय पर एवं सही टीडीएस विवरणी फाइल करने से करदाताओं को सही कर-क्रेडिट प्राप्त करने में सहायता मिलती है

अधिक जानकारी के लिए www.incometaxindia.gov.in पर जाएं और कर साथी से पूछें।

कर साथी

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

@IncomeTaxIndia @incometaxindiaofficial @incometaxindia.official @incometaxindiaofficial Income Tax India Official

CBC 15401/13/0002/2627


केंद्रीय मंत्री चौहान की पीएम मोदी पर केंद्रित पुस्तक 'अपनापन' के विमोचन मौके पर सीएम डॉ. यादव ने कहा

# 'अपनापन' केवल पुस्तक नहीं, बल्कि संगठन, समर्पण संघर्ष और नेतृत्व की कार्यशैली को समझने का दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्य करने के अनेक अनुभव लाखों कार्यकर्ताओं के पास हैं, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का लगभग 35 वर्षों का लंबा साथ विशेष महत्व रखता है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने युवा मोर्चा के अध्यक्ष, केसरिया वाहिनी के दायित्व, मप्र के मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में अपने लंबे सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को पुस्तक 'अपनापन' में साझा किया है।



पुस्तक का विमाचन करते नायडू, (इनसेट में) सीएम डॉ. यादव और तोमर

### बोले शिवराज

**उन्हें हर क्षण देश के लिए जीते हुए देखा**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कभी-कभी आपको ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है, जिसे दुनिया नेता कहती है, लेकिन वास्तव में वह एक सच्चे कर्मयोगी और असाधारण इंसान होते हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु ने किया बड़ा ऐलान

# जनता को सस्ते पौष्टिक भोजन के रूप में 5 रुपए में दिया जाएगा मच्छी-भात और महिलाओं को 3,000 रु. मासिक, अब 'खाना' नहीं, घुसपैठियों को जल्दी जाना होगा


एजेंसी ⏭ कोलकाता

## सीएम ने कहा- अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी जल्दी भागो, चेकपोस्ट पर लगी भीड़

पश्चिम बंगाल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बंगाल की भाजपा सरकार की 'पहचानो, हटाओ और वापस भेजो' की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसका असर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों में साफ दिखाई दे रहा है। उत्तर 24 परगना और मालदा से जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें साफ दिख रहा है कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों में डर है। बशीरहाट सब डिवीजन में स्थित हकीमपुर चेकपॉइंट पर अवैध बांग्लादेशियों की भीड़ है। यह भीड़ वापस बांग्लादेश लौटना चाहती है। बॉर्डर पर जुटी भीड़ से सुवेंदु ने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बांग्लादेशियों को उनके देश जल्द भेजा जाए।

पहचानो, हटाओ और वापस भेजो की नीति शुरू की

**उत्तर 24 परगना और मालदा से बाहर जाने वाले घुसपैठियों की भीड़ दिखी**


मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

### पिछली सरकार ने रोहिंग्याओं को दी थी शरण

हाकिमपुर सीमा पर अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के जमावड़े पर भाजपा विधायक बिशाल लामा ने कहा कि पिछली सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को शरण दी थी क्योंकि वे उनके वोट बैंक थे। अब उन्हें पता चल गया है कि बिना उचित दस्तावेजों के किसी देश में प्रवेश करने की क्या कीमत होती है? कई ऐसे लोग जिनके नाम एसआईआर में हटा दिए गए थे, अब भाग रहे हैं या उन्हें निर्वासित किया जा रहा है। जांच से ऐसे कई और लोग सामने आएंगे जिन्हें पिछली सरकार ने शरण दी थी।

### देश की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी

भाजपा सांसद खागेन मुर्मू ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के लिए हिरासत केंद्र ही एकमात्र जगह हैं। भाजपा के घोषणापत्र में भी यही कहा गया था कि भारत में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। कुछ भाग गए हैं, कुछ को निर्वासित कर दिया गया है। हम उन सभी को ढूंढ निकालेंगे। देश की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## 400 काउंटरों पर भोजन खिलाएगी सरकार

सुवेंदु ने जनता के कल्याण और सुशासन को लेकर एक साथ कई बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार अब महिलाओं को आर्थिक सहारा देने वाली 'अन्नपूर्णा योजना' शुरू करने जा रही है, जिसमें पात्र महिलाओं को हर माह 3000 रुपए दिए जाएंगे। आम जनता को सस्ता पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 5 मुपए में मछली-चावल की थाली की व्यवस्था जैसे अहम फैसले लिए हैं। सुवेंदु ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद इन घोषणाओं की जानकारी दी।

### शराब की दुकानों पर सख्ती

मुख्यमंत्री ने शराब की दुकानों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए घोषणा किया कि स्कूलों, कॉलेजों और पूजा स्थलों के एक किलोमीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की शराब की दुकान खोलने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला युवाओं और बच्चों को नशे की लत से बचाने और सामाजिक वातावरण को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व बीजेडी सांसद देबाशीष भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूं।



### मीरा रोड में बकरीद से पहले बवाल, दो गुट भिड़े

**मुंबई।** यहां के मीरा रोड इलाके में ईद उल अजहा से पहले उस समय तनाव फैल गया, जब एक हाउसिंग सोसायटी में कुर्बानी के लिए लाए गए बकरों को लेकर विवाद शुरू हो गया। पूनम क्लस्टर सोसायटी के कुछ लोगों ने परिसर के अंदर बकरों को रखने का विरोध किया। यह विवाद बढ़ गया और दो पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बन गई।



### 'चक दे इंडिया' एक्टर दायमा का निधन

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 'चक दे इंडिया', 'स्कैम 1992' समेत कई फिल्मों, सीरीज और टीवी शोज में काम कर चुके दिग्गज कलाकार रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया है। एक्टर काफी महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 69 साल उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।



### कालाहांडी में दम घुटने से 6 की मौत

**कालाहांडी।** ओडिशा के कालाहांडी के मदनपुर रामपुर थाना इलाके के कार्लखुंटा गांव में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में प्रवेश करने के बाद दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई। यह घटना सेंटरिंग के दौरान घटी, जब एक मजदूर कथित तौर पर टैंक के अंदर गया और उसे बचाने 6 लोग टैंक के अंदर गए।



---

सीबीएसई पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत

# आईआईटी मद्रास-कानपुर की टीम कर रही जांच, समस्या की सही वजह आएगी सामने

**मद्रास के निदेशक ने कहा-72 घंटे से पोर्टल स्थिर**


सीबीएसई भवन

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने तकनीकी विशेषज्ञ भेजने का दिया था निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर की 4 सदस्यीय टीम ने सीबीएसई पोर्टल में आई हालिया तकनीकी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी है। यह जांच पेमेंट फेल होने, पोर्टल क्रैश और आंसर शीट अपलोड से जुड़ी शिकायतों को लेकर की जा रही है। वी कामाकोटि ने बताया कि टीम ने सोमवार से काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि आखिर समस्या की असली वजह क्या थी।?करीब दो दिनों तक दिक्कत रही। यह तकनीकी खामी थी, डेवलपमेंट से जुड़ी समस्या थी या फिर साइबर अटैक जैसी कोई वजह थी। हम पूरी जांच करेंगे ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। कामाकोटि ने बताया कि सीबीएसई का पोर्टल पिछले 72 घंटे से स्थिर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईटी मद्रास और आईआईटी कानपुर को तकनीकी विशेषज्ञ भेजने का निर्देश दिया था, ताकि सीबीएसई की री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के पूरी हो सके।

### पेमेंट सिस्टम या गेटवे में दिक्कत आई

कामकोटि ने कहा कि सीबीएसई द्वारा शुरू किया गया ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लाया गया है। इसके जरिए छात्र अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिका देख सकते हैं और समझ सकते हैं कि उनके अंक कहां कटे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने अच्छी पहल की है। यह सिस्टम ज्यादा पारदर्शिता लाता है।


**4 सदस्यीय टीम पहुंची**

### विस्तृत तकनीकी परीक्षण करेगी

जांच टीम अब वेबसाइट और पूरे सिस्टम का विस्तृत तकनीकी परीक्षण करेगी। इसमें यह भी देखा जाएगा कि फीस भुगतान के दौरान सीबीएसई पोर्टल और पेमेंट सिस्टम के बीच तालमेल में कहां समस्या आई। टीम में आईआईटी मद्रास के दो विशेषज्ञ शामिल हैं।

### नीट यूजी पर क्या बोले कामकोटि?


नीट यूजी को कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में कराने पर कामाकोटि ने कहा कि सीबीएसई पोर्टल और सीबीटी परीक्षा अलग-अलग चीजें हैं।

### धुंधली उत्तर पुस्तिका वाली शिकायतों की हो रही जांच

आंसर शीट गलत अपलोड होने या धुंधली दिखाई देने की शिकायतों पर कामकोटि ने कहा कि टीम अभी उस स्तर की जांच तक नहीं पहुंची है। हालांकि स्कैनिंग और अपलोडिंग प्रक्रिया की भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिजिकल आंसर शीट को डिजिटल फॉर्म में बदलने की प्रक्रिया में शुरुआती स्तर पर मैनुअल हस्तक्षेप होता है। ऐसे में मानवीय गलती की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कामाकोटि ने ओएसएम सिस्टम का समर्थन करते हुए कहा कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया को समझने में मदद मिलती है।

**नीट विवाद और सीबीएसई मार्किंग सिस्टम पर हंगामा**

## संसदीय पैनल ने मंत्रालयों और एनटीए को किया तलब



देश की दो सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्थाओं नीट-यूजी परीक्षा और सीबीएसई बोर्ड सवालों के घेरे में हैं। नीट -यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के आरोप लग रहे हैं, वहीं सीबीएसई की नई 'डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली' को लेकर छात्रों और अभिभावकों में गुस्सा है। इस बीच, संसद की समिति ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली 31-सदस्यीय संसदीय स्थायी समिति ने अगले हफ्ते शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी औरसीबीएसई के शीर्ष अधिकारियों को 1 और 2 जून को तलब किया है।

### क्या है पूरा मामला?

यह कदम छात्रों और अभिभावकों की उन शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिनमें सीबीएसई के रिजल्ट के बाद सेवा पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ियों और नई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के तहत कम अंकों को लेकर चिंताएं हैं।

---

सीजेआई के कमेंट पर नया विवाद

# पूर्व नौकरशाहों-एक्टिविस्टों ने लिखा पत्र, आलोचना भी की

'कथित पर्यावरणविदों और कार्यकर्ताओं' द्वारा विकास परियोजनाओं को रोकने की बात



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की एक और टिप्पणी पर विवाद मच गया है। पूर्व सिविल सेवकों, वकीलों, कानूनी और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के समूहों ने खुली चिट्ठी लिखकर सीजेआई की उन टिप्पणियों की आलोचना की है, जिनमें उन्होंने 'कथित पर्यावरणविदों और कार्यकर्ताओं' द्वारा विकास परियोजनाओं को रोकने की कोशिशों के बारे में बात की थी। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 11 मई को विकास परियोजनाओं को रोकने याचिकाएं दायर करने की प्रवृत्ति की निंदा करते हुए पूछा था ऐसी याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश कैसे प्रगति करेगा? हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जहां इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने कहा हो कि हम इस परियोजना का स्वागत करते हैं। पीठ के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### गुजरात के पिपावाव बंदरगाह का मामला

याचिका में एनजीटी द्वारा गुजरात में पिपावाव बंदरगाह के विस्तार के लिए दी गई पर्यावरण मंजूरी के खिलाफ अपील को खारिज किए जाने को चुनौती दी गई थी। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने इस याचिका पर याचिकाकर्ताओं को आंशिक राहत दी थी। पीठ ने कहा था, हालांकि हम इस बात से सहमत नहीं हैं कि एनजीटी ने बिना कोई कारण बताए अपील खारिज कर दी है, फिर भी हम अपीलकर्ता को एनडीटी के सामने पुनर्विचार याचिका दायर करने की आज़ादी देते हैं।

### हर चीज को अदालत में घसीट रहे

सीजेआई ने कहा था, हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाओ, जिसके बारे में ये कथित पर्यावरणविद और कार्यकर्ता कहें कि हम इस परियोजना का स्वागत करते हैं। आप हर चीज़ को अदालत में घसीट लाते हैं। जिस तरह की याचिकाएं दायर की जा रही हैं, उनका मकसद सिर्फ विकास को रोकना है। आप लोग नहीं चाहते कि बंदरगाहों का विस्तार हो। फिर देश कैसे आगे बढ़ेगा? आप एनजीटी गए और दुर्भाग्य से इससे आपकी नीयत पर बहुत सारे सवाल खड़े होते हैं। आप किसी भी अधिकारी के पास जाकर यह नहीं बताते कि 'मैं एक विशेषज्ञ हूं, मुझे लगता है कि इसमें ये कमियां हैं'... अगर आप सचमुच विशेषज्ञ हैं तो। आप कोई आरटीआई कार्यकर्ता हैं, आप कोई फलां-फलां कार्यकर्ता हैं, पर्यावरणविद हैं, आपके पास बहुत सारी डिग्रियां हैं... जहां दांव लगे, वहीं...।

---

मानसून के पहले ही देश को मिली खुशखबर

मुंबई और केरल में भी झमाझम बरसात होगी

# 4 जून तक पहुंचेगा केरल, दिल्ली- यूपी से बिहार-झारखंड तक बारिश का अलर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रचंड गर्मी के बीच देश में अब मानसून का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। हालांकि थोड़ी देरी हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पहले अपने पूर्वानुमान में कहा था कि इस साल मानसून केरल में 26 मई को आएगा, लेकिन अब केरल में मानसून इस बार 2-4 जून के बीच आने की संभावना है, लेकिन अच्छी बात है कि मानसून के पहले ही मई के आखिरी हफ्ते में देश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से भारी बारिश की संभावना है।

### विभाग ने दी चेतावनी



विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को लेकर स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। ये 2-3 दिनों में साउथवेस्ट और दक्षिण पश्चिम अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के बाकी हिस्सों के बड़े इलाके को कवर करेगा। भारत के तटीय इलाके में मानसून 1 जून के आसपास पहुंचता है। विभाग इसी तारीख को केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के टकराने की पारंपरिक तारीख मानता है।

**मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू हो रहीं**

देश के कई हिस्सों में प्री मानसून बारिश की शुरू हो गई है। हिमालय में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में बारिश की संभावना बनी है।

---

**सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन**

### ममता पर दर्ज हो गई एफआईआर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। चुनाव से पहले और 2025 में हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बेनर्जी पर आरोप हैकि 2025 में कोलकाता में ईद के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था।



---

कॉकरोच जनता पार्टी पर कब्जे की लड़ाई शुरू

हरियाणा के अधिवक्ता ने खुद को संयोजक बताया

# वकील ने चुनाव आयोग में दिया अलग से पंजीयन का आवेदन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के एक वकील नेकॉकरोच जनता पार्टी को अपने नाम से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आवेदन किया है। पानीपत के वकील ने सोशल मीडिया हैंडल कॉकरोच जनता पार्टी को इसके संस्थापक अभिजीत दिपके से अलग अपने नाम से पंजीकृत कराने के लिए चुनाव आयोग में आवेदन किया है।खुद को पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बताने वाले वकील सुधीर जाखर ने आयोग के सचिव को आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में सीजेपी का कॉकरोच वाला लोगो और जाखर का वकील के रूप में पदनाम अंकित है।




### कांग्रेस ने शुरू किया 'इंडियन यूथ कॉकरोच' अभियान

'कॉकरोच जनता पार्टी' पर विवाद के बीच इंडियन यूथ कांग्रेस ने युवाओं से जुड़े पेपर लीक, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को पुरजोर उठाने के लिए 'इंडियन यूथ कॉकरोच' अभियान की शुरुआत की है। उसका कहना है कि उसके लोग असली 'कॉकरोच' हैं क्योंकि वे डिजिटल दुनिया में 'वर्चुअल क्रांति' के बजाय जमीन पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसके एवज में उन्हें जेल और मुकदमों का भी सामना करना पड़ा है। यूथ कांग्रेस ने कहा कि प्रभारी मनीष शर्मा और अध्यक्ष उदयभनु चिब की अगुवाई में शुरू हुआ यह अभियान युवाओं का एक सामूहिक प्रतिरोध है।

---

कर्नाटक विवाद पहुंचा दिल्ली, फिर भी नहीं निकला हल

अलग - अलग मुलाकातें हुईं लेकिन तस्वीर रही अस्पष्ट

# राहुल संग बैठक फिर भी नहीं सुलझा मामला, पहले दौर की बैठक बेनतीजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें हैं। मंगलवार को सीएम सिद्धारमैया दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान के साथ बैठक हुई। यहां मुख्यमंत्री बदले जाने की अटकलें तेज थीं।

इंदिरा भवन में सिद्धारमैया और राहुल गांधी के बीच अहम बैठक अब खत्म हो गई है। ये पूरी मुलाकात राहुल गांधी के चैंबर के अंदर हुई। राहुल और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच एक बार फिर से मुलाकात और चर्चा की। राहुल ने केसी वेणुगोपाल के साथ भी मीटिंग की।

### ठोस फैसला नहीं हो सका

इस बैठक से ठीक पहले पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन महासचिव वेणुगोपाल और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ करीब डेढ़ घंटे तक गहन मंथन किया। बैठक के बावजूद अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। यानी सीएम सिद्धारमैया, राहुल के साथ बैठक के बाद भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं या बदलाव हो सकता है, इसे लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। बैठक के पहले चरण से अब तक कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया है।



---


**दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा सीक्रेट्स एक्ट के नियमों का उल्लंघन का मामला**

# 'धुरंधर' ने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ की, अब होगी जांच

फिल्म 'धुरंधर' फ्रैंचाइज हमेशा ही विवादों में रही है, हाल ही में इस फिल्म पर एक बड़ा आरोप लगा है। फिल्म पर भारतीय सशस्त्र बलों की सुरक्षा को खतरे में डाला का मामला सामने आया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

धुरंधर 2' पर ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के नियमों का उल्लंघन का आरोप लगा है। बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) को इस मामले में जांच करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट का कहना है कि फिल्म 'धुरंधर 2' भले की एक फिक्शनल कहानी को लेकिन याचिकाकर्ता ने जो सवाल उठाए हैं, उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट का कहना है कि सेंसर बोर्ड के पास कुछ गाइडलाइंस होनी चाहिए। हम उन्हें सोच-समझकर फैसला लेने का निर्देश देंगे।



### एक ड्रग का भी जिक्र किया गया




**जनहित याचिका को किया स्वीकार, जांच के दिए निर्देश**

'धुरंधर 2' को लेकर सशस्त्र सीमा बल के हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें आरोप है कि यह फिल्म सशस्त्र बलों के सीक्रेट ऑपरेशनल से जुड़ी जानकारी साझा करती है, इससे देश की सुरक्षा पर खतरा मंडरा सकता है। इसमें कई लोकेशन को साफत दिखाया गया है। साथ ही कई बड़े अधिकारियों और मृत सैनिकों से जुड़ी जानकारी भी स्पष्ट दिखाई गई है। यह बात देश की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है।

### सूचना और प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड से विचार करने को कहा

दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले पर ध्यान दिया। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड से इस मुद्दे पर विचार करने के लिए कहा। याचिका पर फैसला लेने की बात कही।

सीएमएचओ सहित 4 बड़े अधिकारियों पर लटकी एफआईआर व रिकवरी की तलवार

## संजीवनी क्लीनिकों के कायाकल्प में 57 लाख रूपए का घोटाला !

**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के सितारे गर्दिश में चल रहे है। इन दिनों एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे है। डॉक्टरों के फर्जीवाड़े बिना खरीदी के भुगतान के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जिले की संजीवनी क्लीनिकों के कायाकल्प के लिए आई लाखों रुपये की राशि के घोटाले का मामला सामने आया है। 57 लाख रुपए के इस फर्जीवाड़े को लेकर सीएमएचओ सहित चार जिम्मेदार अधिकारियों में तय समय सीमा पर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया, लिहाजा उन पर एफआईआर और राशि रिकवरी की तलवार लटक रही है।

### 56.98 लाख उड़ाए, काम 'शून्य'

विभागीय जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-2026 में जबलपुर जिले की शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं को 'नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस मानक' (एनक्यूएएस) के अनुसार अपग्रेड करने और उनका प्रमाणीकरण कराने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधि के अंतर्गत प्रति संस्था 1 लाख रुपये के मान से कुल 58 संजीवनी क्लीनिकों के लिए 58.00 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया था। विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक, संबंधित अधिकारियों ने इस बजट में से 56.98 लाख रुपये का उपयोग भी कर लिया। लेकिन जब राज्य स्तर पर भोपाल में इसकी उच्च स्तरीय समीक्षा की




गई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। कागजों पर करीब पूरा बजट ठिकाने लगाने के बाद भी जबलपुर जिले की एक भी शहरी स्वास्थ्य संस्था या संजीवनी क्लीनिक का एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन नहीं कराया गया और न ही संस्थाएं मानकों के अनुरूप तैयार मिलीं।

### इन अधिकारियों को नोटिस

राज्य स्तर से जारी पत्र क्रमांकः एन.एच.एम./शहरी स्वास्थ्य/2026/ई-1241172/06/1023 के तहत सीधे तौर पर घोर लापरवाही और वित्तीय नियमों के उल्लंघन को लेकर डॉ. नवीन कोठारी – जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), संदीप नामदेव – सहायक शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, शिखा गर्ग – जिला क्वालिटी मॉनिटर, रेखा साहू – जिला लेखा प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन 15 दिनों की समय सीमा के अंदर इन्होंने नोटिस का जवाब नहीं दिया।

इस पूरे मामले को राज्य एनएचएम प्रशासन ने शासकीय धन के दुरुपयोग और वरिष्ठ स्तर के दिशा-निर्देशों की खुली अवहेलना माना है। अपर मिशन संचालक ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 15 दिनों के भीतर इन सभी शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण की तय प्रक्रिया में लाएं और वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। ऐसा न होने पर संबंधित अधिकारियों से इस पूरी राशि की व्यक्तिगत रिकवरी की जाएगी। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी का कहना है कि उन्होंने 5 अप्रैल 2026 को पदभार संभाला है और यह मामला सीएमएचओ संजय मिश्रा के कार्यकाल से जुड़ा है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नोटिस में दी गई 15 दिनों की अनिवार्य मियाद खत्म हो चुकी है, लेकिन अपनी गर्दन फंसती देख संबंधित अधिकारी अब तक कोई संतोषजनक जवाब या ग्राउंड रिपोर्ट राज्य मुख्यालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। सूत्रों का कहना है कि अब स्वास्थ्य विभाग के इन आला अधिकारियों पर सीधे एफआईआर दर्ज कराने और वेतन व संपत्ति से रिकवरी करने की फाइल आगे बढ़ चुकी है।





उपभोक्ता मंच की याचिका पर जांच आयोग में सुनवाई

## बिना जांच के क्रूज को नष्ट करना गैरकानूनी

**जबलपुर।** इंडियन वेसल्स एक्ट 2021 में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि दुर्घटनाग्रस्त क्रूज़ को जांच के पूर्व में नष्ट किया जाये, जिला प्रशासन को भी ऐसा अधिकार नहीं है। इस दलील के साथ नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच द्वारा प्रस्तुत याचिका पर मंगलवार को जांच आयोग के अध्यक्ष जस्टिस संजय द्विवेदी के समक्ष सुनवाई हुई। जस्टिस द्विवेदी ने आदेश पारित किया कि नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की याचिका में प्रस्तुत बिंदुओं को जांच में प्रमुखता से लिया जायेगा तथा मंच को पुनः जांच के दौरान सुनवाई के लिये अवसर दिया जायेगा।

इसके पूर्व में मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा एड. वेदप्रकाश अधौलिया ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नं. 43 में जाकर जांच आयोग के अध्यक्ष जस्टिस द्विवेदी के समक्ष उपस्थिति दर्ज कर याचिका दायर की। याचिका में बताया गया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 12 सितम्बर 2023 को स्पष्ट आदेश दिये हैं कि क्रूज़ में फोर स्ट्रोक इंजन होना चाहिये लेकिन दुर्घटनाग्रस्त क्रूज़ में मात्र 100 एच.पी. का इंजन था और उसमें भी दूसरा इंजन फेल हो गया था। एन.जी.टी. के आदेशानुसार पर्यावरण के नियमों का पालन होना था किंतु क्रूज़ संचालकों के पास ऐसा कोई प्रमाण पत्र नहीं था। जब क्रूज़ नष्ट कर दिया गया तब उसका फिटनेस की जांच कैसे होगी?

### आयोग ने चिंता व्यक्त की

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के पैरा 132 में निर्देश है कि बोट के फिटनेस की पहली प्राथमिकता होना चाहिये। लेकिन जब बोट ही नष्ट कर दिया गया है तब फिटनेस की जांच कैसे होगी? इस बिंदु पर जांच आयोग ने चिंता व्यक्त करते हुये याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें।यहां उल्लेखनीय है कि गत 30 अप्रैल को बरगी बांध में क्रूज दुर्घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा गठित एक सदस्यीय जांच आयोग ने मंगलवार से सुनवाई आरंभ कर दी है।

## स्टेशन पर सीढ़ियों से गिरकर महिला यात्री घायल

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4/5 पर मंगलवार 26 मई को एक हादसा हो गया, जब कई महिला यात्री सीढ़ियां उतर रही थीं, इसी दौरान एक महिला का पैर फिसलने से वे सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई. रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे स्टाफ ने तत्काल महिला को सहायता उपलब्ध कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरपीएफ एएसआई धीरज द्वारा सूचना दिए जाने पर इमरजेंसी मेडिकल रिस्पांस (ईएमआर) स्टाफ की सदस्य अनीता ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिला को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। महिला यात्री की पहचान अंजली तिवारी (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के समय महिला के साथ लगभग 6-7 अन्य महिलाएं भी मौजूद थीं, जो कटनी जाने वाली थीं। घायल महिला की स्थिति को देखते हुए रेलवे स्टाफ द्वारा उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी गई। तत्पश्चात व्हीलचेयर की सहायता से महिला को सुरक्षित रूप से एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया एवं उनके परिचितों के अनुरोध पर आगे उपचार हेतु जामदार अस्पताल भेजा गया।

राज्य सरकार को नोटिस

## हाईकोर्ट में रूल-48 की संवैधानिकता को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट नियम 2008 के अध्याय-10 के रूल-48 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। जस्टिस विवेक जैन व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन और अन्य को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता दिनेश दुबे की ओर से तर्क दिया गया कि हाईकोर्ट का रूल-48 संविधान के अनुच्छेद 21 के विपरीत है। इस नियम के तहत दोषसिद्ध व्यक्ति को आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर करने से पूर्व आत्म समर्पण करना होता है। जबकि दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 397 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 438 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

## चैक बाउंस के आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास, अदा करना होगा साढ़े 14 लाख का प्रतिकर

### अनुबंध राशि नहीं लौटाने पर जेएमएफसी कोर्ट ने सुनाई सजा

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डॉ. गौरव गर्ग की न्यायालय द्वारा चैक बाउंस के आरोपी को 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मंडी मदार टेकरी निवासी शोएब कुरैशी द्वारा बड़ी मदार टेकरी निवासी परवेज अहमद सिद्दीकी के विरूद्ध परिवाद दायर किया था कि आरोपी ने कुदवारी स्थित भूमि के विक्रय अनुबंध किया था। अनुबंध का पालन नहीं करने पर 11 लाख रुपए का चेक दिया गया, जो बाउंस हो गया। प्रस्तुत साक्ष्य का अवलोकन व मूल्यांकन करने के पश्चात न्यायालय द्वारा आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और एक माह के भीतर 14 लाख 47 हजार रुपए बतौर प्रतिकर अदा करने हेतु निर्देशित किया है।

## गाड़ी पार्किंग को लेकर दो पक्षों में टकराव 6 घायल

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत सदानंद सोसायटी गंगानगर में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। इस वारदात में 6 लोग घायल हो गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सदानंद सोसायटी गंगानगर निवासी 38 वर्षीय सुमित दुबे गत रात लगभग 12.05 बजे अपनी ट्रेवल्र्स दुकान बंद करके अपनी गाड़ी रोड पर खड़ी करके चला गया था तभी चार दिन पुराने गाड़ी पार्किंग विवाद को लेकर नंदू उससे झूमाझपटी करने लगा तभी उसका भाई अमित दुबे, उसकी पत्नी व भाभी आकर बीच बचाव करने लगे तो नंदू एवं नंदू की मॉ ने उसे एवं उसके भाई को पत्थर से सिर पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह दूसरे पक्ष सदानंद सोसायटी निवासी 23 वर्षीय आकाश गिरी ने देर रात लगभग 12.15 बजे अपनी गाड़ी बाहर पार्किंग की थी जिसे अंदर रखने के लिये गया तो घर के बाहर रोड पर पहले से पड़ोसी सुमित दुबे, अमित दुबे की फोर व्हीलर गाड़ियां खड़ीं थी उसने गाड़ी का हार्न बजाया तो सुमित दुबे एवं अमित दोनों भाई घर के बाहर निकले जिन्हे गाड़ी हटाने को कहा, तो इसी बात पर सुमित दुबे ने उसके साथ मारपीट कर दी।

सिहोरा में वारदात, बहू का बचाव करने पर गई जान

## टेबिल फैन से हमला कर मां को मौत के घाट उतारा

**जबलपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी दूर सिहोरा के गढिया मोहल्ला में शराब के नशे में धुत कलयुगी बेटे ने अपनी ही 'मां' के सिर पर टेबिल फैन से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। दरअसल शराबी बेटा अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा मारपीट कर रहा था और उसकी मां बीच बचाव करने पहुंची, जिस वजह से उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है आरोपी अभी फरार है।

घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि सिहोरा के वार्ड नंबर 7 गढिया मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय करन कोल बीती रात शराब



के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा। घर में खाना खाने की बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ और इस विवाद में करन अपनी पत्नी कांति बाई कोल के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बहू कांति की आवाज सुनकर करन की 65 वर्षीय वृद्ध मां गिरान बाई मौके पर पहुंची और बीच बचाव करने लगी। इसी दौरान नशे में धुत करन ने आगबबूला होते हुए अपनी मां को धक्का देकर जमीन पर गिराया और हाथापाई करता रहा। प्राथमिक जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपी करन ने घर में रखे टेबल फैन से मां पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मृतका के बड़े बेटे दशरथ कोल ने पुलिस को दी। पुलिस ने इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर मुआयना पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी कपूत करन के खिलाफ 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

## पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के विरोध में दोपहिया वाहनों को दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** युवा कांग्रेस के जबलपुर उपाध्यक्ष राहुल रजक के नेतृत्व में कैंट विधानसभा अंतर्गत सदर स्थित पेट्रोल पंप के समीप दोपहिया वाहनों को "श्रद्धांजलि" अर्पित की गई, पेट्रोल के दामों में केवल दो सप्ताह में 8 रुपये से अधिक की वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने एक अनोखा और प्रतीकात्मक आंदोलन किया। युवा कांग्रेस के राहुल रजक ने कहा कि पेट्रोल की ऊँची कीमतें दैनिक जीवन और छोटे व्यवसायों पर भारी प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि तत्काल प्रभाव से ईंधन दरों में स्थिरता लायी जाए और आम आदमी की परेशानियों को गंभीरता से समझा जाए। यह श्रद्धांजलि प्रतीकात्मक विरोध नहीं है, बल्कि यह जनता की आवाज है। हमारी कोशिश है कि नीति निर्माता आम जनता की समस्याओं के प्रति जागरूक हों और ईंधन मूल्य वृद्धि पर विचार करें।




## सराफा प्रीमियर लीग : क्वार्टर फाइनल में आज दिग्गज टीमों की भिड़ंत

**जबलपुर।** रानीताल स्टेडियम के वेलोड्रम में चल रही सराफा प्रीमियर लीग (एसपीएल) में लीग चरण के सभी मुकाबले 25 मई को पूरे हो गए। 18 टीमों द्वारा खेले गए मुकाबलों के बाद प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब आज 26 मई को नॉकआउट मुकाबलों में दिग्गज टीमें आमने-सामने होंगी। मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ एवं सराफा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष नवीन सराफ ने बताया कि टूर्नामेंट को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए प्रोफेशनल ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से आयोजित किया गया है। इसमें सभी टीमों का पंजीकरण कर उनके प्रदर्शन के आधार पर पॉइंट्स और रन रेट सिस्टम लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द टूर्नामेंट सहित सभी पुरस्कार भी प्रदर्शन के आधार पर ही तय किए जाएंगे। टीमों को अपने प्रदर्शन की पूरी जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से उपलब्ध रहेगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। लीग चरण के अंतिम दिन ओशो गोल्ड योद्धा, राजपूत धुरंधर, इंद्र सुपर किंग, RG कास्टिंग डोमिनेटर और शिव आर्नामेंट लॉयन ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 27 मई तथा फाइनल मुकाबला 28 मई को खेला जाएगा। इस आयोजन में पूर्व अध्यक्ष सुरेश सराफ, अजय बख्तावर, मंत्री अमित अग्रवाल (अन्नू), कोषाध्यक्ष ओम सोनी, उपाध्यक्ष महेंद्र ओसवाल, सह मंत्री के.के. सुहाने, विवेक अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

सड़क सुरक्षा अभियान का असर...

पुलिस की सख्ती, जनजागरूकता और नियम पालन से बदली तस्वीर, ब्लैक स्पॉट पर भी हादसों में आई गिरावट

## जबलपुर में घटे हादसे, मौतों में 21 प्रतिशत से ज्यादा कमी

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और यातायात विभाग द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान अब जमीन पर असर दिखाने लगे हैं। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में सड़क दुर्घटनाओं, मौतों और घायलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस की सख्त कार्रवाई, ट्रैफिक नियमों के प्रति बढ़ी जागरूकता और सड़क सुरक्षा अभियानों के चलते जिले में यातायात व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक अनुशासित नजर आने लगी है। एएसपी यातायात अंजना तिवारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में जिले में कुल 1285 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या घटकर 1260 रह गई। सबसे बड़ी राहत सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़ों में देखने को मिली है। वर्ष 2025 में जहां 267 लोगों की जान गई थी, वहीं वर्ष 2026 में यह आंकड़ा घटकर 207 पर पहुंच गया। यह करीब 21.47 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में भी 14.60 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।



### ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने में सफलता

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने 41 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए हैं। इनमें से पिछले चार महीनों के दौरान 24 ब्लैक स्पॉट ऐसे रहे जहां कोई दुर्घटना दर्ज नहीं हुई। शेष 17 ब्लैक स्पॉट पर 34 हादसे हुए, जिनमें 7 लोगों की मौत और 11 लोग घायल हुए। पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा इन स्थानों पर लगातार सुधार कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें संकेतक बोर्ड, स्पीड कंट्रोल उपाय और सड़क सुधार जैसे कदम शामिल हैं।

### नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 26,679 लोगों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 79.95 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। ओवर स्पीडिंग के 805 मामलों में 9.08 लाख रुपये तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 555 चालकों से 16.14 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी अवधि में कुल 28,039 चालान बनाकर 1.05 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वसूली गई। विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 41,379 चालान काटे गए, जिनसे करीब 1.80 करोड़ रुपये का समन शुल्क अधिरोपित किया गया।

### बसों की जांच और ड्रंक एंड ड्राइव अभियान

लोक परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने बसों की सघन जांच भी शुरू की। अभियान के दौरान करीब 200 बसों की जांच की गई, जिनमें कमियां मिलने पर 40 बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के तहत 555 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर उन्हें न्यायालयीन प्रक्रिया के दायरे में लाया गया।

### जागरूकता और सीपीआर प्रशिक्षण पर विशेष जोर

यातायात पुलिस ने केवल चालानी कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष फोकस किया। जिले में 202 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 32 हजार से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अलावा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में 50 स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित कर 308 नागरिकों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि हादसे के समय समय पर मदद मिल सके। 40 स्कूलों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक और सुरक्षित चालक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### नागरिकों से नियम पालन की अपील

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और गति सीमा का पालन करें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सहभागिता से ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था संभव है।

### सकारात्मक परिणाम अब आंकड़ों में दिखाई दे रहा है



सड़क सुरक्षा को लेकर जबलपुर पुलिस लगातार बहुआयामी स्तर पर कार्य कर रही है। केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। हेलमेट, सीट बेल्ट और ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम अब आंकड़ों में दिखाई दे रहा है।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

## एक्सीडेंट का झांसा देकर 2 लाख की ऑनलाईन ठगी


**जबलपुर।** रांझी थानान्तर्गत नरसिंह नगर रांझी में रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाईल फोन पर कल रात अज्ञात जालसाज ने व्हाटअप पर मैसेज कर उसके परिचित का एक्सीडेंट होने पर ईलाज के लिए ले जाने के लिए पैसों की मांग कर गुमराह किया। अज्ञात जालसाज के झांसे में आकर उक्त व्यक्ति ने अपने निजी बैंक के खाते से उसे 11 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। जब घटना के शिकार व्यक्ति ने अपने परिचित व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाई तो उसे पता चला कि वह सकुशल है और उसका कोई एक्सीडेंट नहीं हुआ है। इस तरह अज्ञात जालसाज ने परिचित के एक्सीडेंट में मदद का झांसा देकर उसके साथ ऑनलाईन ठगी को अंजाम दिया था। धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति ने जब अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो उसे पता चला कि उसके साथ अज्ञात जालसाल ने धोखाधडी कर उसके बैंक खाते से कई बार में दो लाख रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। रांझी पुलिस ने बताया कि नरसिंहनगर रांझी निवासी देवराज आनंद के मोबाईल फोन पर देर रात व्हाटअप से एक मैसेज आया था जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने उसे परिचित संजय साहू का एक्सीडेंट होने की जानकारी दी थी और उसे अस्पताल ले जाने के लिए आर्थिक मदद हेतु संजय की फोटो एवं स्नैकर व्हाटस पर भेजा था जिसे स्कैन ककर देवराज ने उक्त व्यक्ति के खाते में 11 हजार रूपए भेज दिए थे। इसके बाद आरोपी ने कई बार में देवराज के खाते से लगभग दो लाख रूपए निकाल लिये।

बिजनेस साइट

## एक अनुशासित फ्लेक्सीकैप फंड मार्केट साइकिल्स को कैसे संभालता है

**जबलपुर।** अधिकांश निवेशक इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि कौन सा फंड चुनें। कम ही लोग इस बारे में सोचते हैं कि फंड के अंदर क्या होता है, मैनेजर किन शेयरों को खरीदने का निर्णय कैसे लेता है और क्यों। इसे समझने से निवेशकों को पिछली कमाई के पीछे भागने के बजाय प्रक्रिया पर भरोसा करने में मदद मिल सकती है।

एक अच्छा फ्लेक्सीकैप फंड आमतौर पर बॉटम-अप एप्रोच से शुरू होता है। इसका मतलब है कि ध्यान पहले व्यक्तिगत व्यवसायों पर होता है, न कि व्यापक बाजार रुझानों या सेक्टर संबंधी निर्णयों पर। मैनेजर किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति, जिस उद्योग में वह काम करती है, उसके प्रबंधन की गुणवत्ता और व्यापक मैक्रो वातावरण को देखता है। जब कोई व्यवसाय इन मानदंडों को पूरा करता है, तभी उसे पोर्टफोलियो में जगह मिलती है।



संदीप शुक्ला
सीओ, फाउंडर पोलीस फिनमार्ट एलएलपी, जबलपुर

इस ढांचे के भीतर, अधिकांश फ्लेक्सीकैप पोर्टफोलियो में दो व्यापक प्रकार के स्टॉक होते हैं। पहला है ग्रोथ स्टॉक-ऐसी कंपनियां जिनकी कमाई की संभावना मजबूत होती है, प्रदर्शन स्थिर होता है और समय के साथ बढ़ने की क्षमता होती है। ये पोर्टफोलियो का स्थिर आधार बनाते हैं। दूसरा है साइक्लिकल या विपरीत सोच वाले स्टॉक, ऐसी कंपनियां जो शायद कठिन दौर से गुजर रही हों लेकिन जिनका मूल व्यवसाय मजबूत हो। इन शेयरों को तब खरीदा जाता है जब इनकी मांग कम हो जाती है, यानी ऐसे समय में जब विश्लेषण से कारोबार में संभावित सुधार का संकेत मिलता है।

इन दोनों प्रकारों का विभाजन निश्चित नहीं है। यह बाजार की मौजूदा स्थिति के आधार पर बदलता रहता है। जब अच्छे विकास वाले कारोबार उचित कीमतों पर उपलब्ध होते हैं, तो पोर्टफोलियो उस ओर झुक जाता है। जब चक्रीय अवसर उभरते हैं, तो एलोकेशन उसी के अनुसार बदल जाता है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस एक और कारक है जिसे चुपचाप लेकिन लगातार महत्व दिया जाता है। मजबूत बुनियादी बातों वाली लेकिन खराब प्रबंधन वाली कंपनी शायद ही कभी सफल होती है। लंबे समय में, किसी व्यवसाय का संचालन उतना ही मायने रखता है जितना कि उसकी कमाई।

यह बेहतर संयोजन अनुशासित स्टॉक चयन, विकास और मूल्य का मिश्रण, और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर ध्यान देना - एक सुव्यवस्थित फ्लेक्सीकैप फंड के आधार स्तंभ हैं। निवेशकों के लिए, इस फ्रेमवर्क की जानकारी होने से बाजार की अस्थिरता के दौर में निवेशित रहना आसान हो जाता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड बाजार पूंजीकरण के आधार पर फ्लेक्सीबल एलोकेशन के साथ इस अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य डायवर्सीफिकेशन बनाए रखते हुए अवसरों का लाभ उठाना है। 30 अप्रैल, 2026 तक, फंड ने एक साल में 7.85 प्रतिशत, तीन साल में 17.49 प्रतिशत, और शुरुआत (जुलाई 2021) से अब तक 14.12 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

# गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संदेश, जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन सम्पन्न

**बरेला।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में जल स्रोतों के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक सुशील इंदु तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 07 में कुएं के जीर्णोद्धार, पेवर ब्लॉक निर्माण एवं स्टील ग्रिल लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 08 में तलैया के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ हुआ, जबकि वार्ड क्रमांक 14 में कुएं के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का भी भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुशील तिवारी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से जल बचाने, पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करने एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "जल है तो कल है", इसलिए प्रत्येक नागरिक को जल संवर्धन में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने जल संरक्षण की शपथ ली तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने, जल की बर्बादी रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सीएमओ संजय पांडे, अति तहसीलदार शशांक दुबे, उपयंत्री संजय कैथवास, जिला मंत्री मनोज यादव, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन, पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, पार्षदगण पिंकी प्रीतम पटेल, दिव्या अरहिंत जैन, प्रकाश चक्रवर्ती, दीपेश पटेल, दीपक सोनकर, दिनेश सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**पाटन।** "जल ही जीवन है, जल है तो कल है" के संदेश के साथ नवांकुर संस्था एवं जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड पाटन सेक्टर क्रमांक 1 में कुंवर शंकर सिंह जन कल्याण संस्था के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री राम नारायण ठाकुर ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राम नारायण सिंह ठाकुर, परामर्शदाता कामता प्रसाद सेन, नगर समिति अध्यक्ष पवन बर्मन सहित अनेक सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।



## गंगा दशहरा पर निकली भव्य कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश

**पनागर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड पनागर (जिला जबलपुर) के तत्वावधान में गंगा दशहरा के अवसर पर बलेहा तालाब में जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगतसिंह वार्ड एवं आजाद वार्ड की नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद श्री मुकेश वंशकार (भगतसिंह वार्ड), जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया तथा विकासखंड समन्वयक श्री भारत महरोलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बलेहा तालाब में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसके बाद कलशों में जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात जल संवाद कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। पार्षद श्री मुकेश वंशकार ने कहा कि गंगा दशहरा जैसे आयोजनों के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण जागरूकता फैल रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत तालाब की स्वच्छता एवं संरक्षण कार्य भी सराहनीय पहल है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया ने गंगा दशहरा उत्सव एवं जल स्रोत पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरांत तालाब किनारे लगाए गए पौधों एवं सूचना बोर्ड का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री भारत महरोलिया ने किया। आयोजन में धर्मेंद्र कुशवाहा, ओमकार दाहिया, प्रमोद रजक, बद्री प्रसाद कोरी, विजय रजक, विमलेश रजक, सुलोचना रजक सहित नगर प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## जल स्रोतों को सहेजना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

**सिहोरा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में गंगा दशहरा उत्सव,जल स्रोत पूजन,गंगा कलश यात्राओं के आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण संवर्धन,जल बचाने एवं जल स्रोतों के संरक्षण करने के विषय में जानकारी दी गई।सेक्टर 1 की प्रस्फुटन समिति की रुचि दुबे,गीता दुबे,शशि शैयाम,शानू गर्ग,मोनी चौरसिया की आदि ने ढेला राम मंदिर लखराम स्थित बावड़ी का पूजन अर्चन कर संस्कार केंद्र के बच्चों को पर्व एंव बावड़ी का इतिहास एवं महत्व बताया। इसी तरह क्रमांक 2 के द्वारा नगर में स्थित चौपड़ा मोहल्ला में संस्था की सचिव सारिका साहू के नेतृत्व बावड़ी में का पूजन अर्चन कर जलाभिषेक वार्ड पार्षद ज्योति चक्रवर्ती,भावना गौतम,सुषमा गौतम,किरण नकरा, सुनीता दुआ,उपासना चौरसिया,अक्षांश साहू की उपस्थिति में हुआ। क्रमांक 3 के द्वारा हिरन नदी घाट पर श्रम दान कर साफ सफाई की गई।तत्पश्चात नदी का पूजन कर नरसिंह टेकरी में भोले नाथ का जलाभिषेक सपना अवस्थी पिंकी साहू, की उपस्थिति में किया गया।तथा जल संरक्षण संवर्धन,जल बचाने एवं जल स्रोतों के संरक्षण करने के विषय में जानकारी दी गई है। अंजना मिश्रा ने जल स्वछता एवं संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सारिका साहू,कल्पना कुशवाहा ने तथा आभार व्यक्त आकांक्षा गर्ग ने किया।

# खरीदी का अंतिम दिन कल, गेहूं की आवक में आई कमी

**बरेला।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी का अंतिम दिवस गुरुवार (28 मई) निर्धारित किया गया है। अप्रैल माह से प्रारंभ इस खरीदी प्रक्रिया के अंतिम चरण में अब खरीदी केंद्रों पर गेहूं की आवक लगातार घटती जा रही है।

बरेला क्षेत्र में सहकारी समिति पिंडरई अंतर्गत फैजल वेयरहाउस, राय वेयरहाउस एवं आस्था वेयरहाउस में गेहूं की खरीदी की जा रही थी। इन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार किसानों से उपज की खरीदी की गई। जानकारी के अनुसार फैजल वेयरहाउस में लगभग 30,000 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इसी प्रकार आस्था वेयरहाउस में 650 किसानों से करीब 53,500 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है।

आस्था वेयरहाउस फुल होने के बाद खरीदी कार्य को पूरवा स्थित ठाकुर वेयरहाउस में स्थानांतरित किया गया है। वहीं राय वेयरहाउस में अब तक 360 किसानों से लगभग 30,000 क्विंटल गेहूं की खरीदी हो चुकी है। वर्तमान में केंद्रों पर गेहूं की आवक काफी कम हो गई है। सहकारी समिति के पदाधिकारी खरीदे गए गेहूं के



सुरक्षित भंडारण कार्य में लगे हुए हैं।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के अधिकांश किसान अपनी उपज पहले ही बेच चुके हैं और अब केवल कुछ ही किसान शेष रह गए हैं। आज और कल स्लॉट बुक किए गए किसानों से ही खरीदी की जाएगी। अंतिम दिनों में खरीदी केंद्रों पर नए आवक की संभावना भी काफी कम बताई जा रही है।

## बसपा का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**भेड़ाघाट।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) बरगी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 28 मई को जबलपुर मानस भवन में होने वाले लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बसपा जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि सम्मेलन का आयोजन सुबह 11 बजे से होगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी दिलीप बौद्ध, प्रदेश अध्यक्ष इंजी. रमाकांत पिप्पल, जोन प्रभारी पी.एस. मंडेलिया एवं पूर्व सांसद मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बरगी, शहपुरा एवं चरगवां क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के जबलपुर पहुंचने की योजना बनाई गई है। सभी सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। बसपा बरगी प्रभारी राम प्रसाद एवं विधानसभा अध्यक्ष द्वारका अहिरवार ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार सक्रिय है। इस अवसर पर खिल्ल प्रसाद अहिरवार, शोभाराम, रेवाराम अहिरवार, पिंटो चौधरी, मुकेश चौधरी, लखन कोल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सम्मेलन में बड़ी संख्या में सहभागिता की अपील की गई।

# मझौली में निकली भगवान गुह निषादराज की शोभायात्रा, रहा उत्सव जैसा माहौल

**मझौली।** नगर के बाजार प्लांट स्थित यज्ञशाला में चल रहे श्री भगवान गुह निषादराज प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 26 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर तक पहुंची और पुनः यज्ञशाला परिसर में संपन्न हुई। निषाद वंशीय समाज यज्ञशाला समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत 23 मई को भगवान की मूर्ति के आगमन एवं स्वागत के साथ हुई थी। इसके बाद 24 एवं 25 मई को विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आज निकली शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन, ध्वज-पताकाएं एवं धार्मिक स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मार्ग में



जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से कथावाचक प्रमोद परोहा द्वारा रामकथा का वाचन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महोत्सव का समापन 27 मई को प्रातः भगवान गुह निषादराज की प्राण प्रतिष्ठा के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात स्वजातीय बंधुओं का सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी प्रस्तावित है।

## स्थानीय खेल समाचार

# बॉल्स क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम भुवनेश्वर रवाना

**जबलपुर।** 4वीं सब-जूनियर एवं युवा 50-बॉल्स क्रिकेट चैम्पियनशिप 2026 में भाग लेने हेतु मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम आज ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। टीम इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और बेहतर तैयारी के साथ मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम में वेदांत तिवारी को कप्तान तथा श्रेष्ठ सिंह को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। अन्य खिलाड़ियों में अमन धमन, दत्तात्रेय महोबिया, निकुंज सिंह बैस, यश पटेल, सूर्यकांत पटेल, सूर्यांश कोष्टा, अथर्व पटेल, अथर्व नुन्हारिया, अनंत पटेल, शाश्वत लखेरा, गर्व लखेरा एवं अथर्व गिरी गोस्वामी शामिल हैं। टीम कोच रविना पटेल एवं अतुल पटेल



खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। टीम मैनेजर हर्ष कुमार तथा मध्य प्रदेश सेक्रेटरी युग राजपूत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है, और खेल प्रेमियों को विश्वास है कि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

# ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में निखर रही प्रतिभा

## नवोदित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर का करियर बनाने को उत्साहित

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में ज्योति क्लब में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के उत्साह और बढ़ती भागीदारी के कारण विशेष रूप से उल्लेखनीय बन गया है। शिविर में इस वर्ष रिकॉर्ड 85 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 45 बालिकाएं और 40 बालक शामिल हैं। प्रतिभागियों की यह संख्या शिविर के इतिहास में अब तक की सर्वाधिक बताई जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान नवोदित खिलाड़ी न केवल खेल कौशल में सुधार कर रहे हैं, बल्कि अपनी स्टेमिना और फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के



महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने शिविर में पहुंचकर प्रतिभागियों से संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवा प्रतिभाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में प्रशिक्षक राजकुमार रजक एवं रजनी धारणे द्वारा प्रतिभागियों को बैडमिंटन के तकनीकी एवं सैद्धांतिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को सर्विस, प्लेसिंग, स्मैश, एकल एवं युगल खेल की रणनीतियों के साथ फुटवर्क पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूर्व में बिना नियम और नेट के खेलने वाले ये नवोदित खिलाड़ी अब प्रशिक्षित कोचिंग के माध्यम से बेहतर तकनीक सीख रहे हैं और नगर के बेहतर खेल सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। कई प्रतिभागियों ने ग्वालियर स्थित स्टेट बैडमिंटन अकादमी में प्रवेश लेकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की है।

## सी.एन. सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर-आयु क्रिकेट प्रतियोगिता

# नरसिंहपुर ने सिवनी को 61 रन से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**जबलपुर।** द्वितीय स्व. श्री सी.एन. सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर-आयु बालक वर्ग आमंत्रित चलित ट्रॉफी 2025-26 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में पूल-बी से नरसिंहपुर जिले ने सिवनी जिले को 61 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नरसिंहपुर ने कप्तान सुबीर अरोरा की शानदार 93 (66 गेंद, 14 चौके, 3 छक्के) रनों की पारी की बदौलत 220 रन (35 ओवर) बनाए। टीम की ओर से विदित सिंह ने 34, वेदांत स्थापक ने 30 तथा मोहम्मद फराज ने 24 रनों का योगदान दिया। सिवनी की ओर से हातिम अली ने 3 विकेट, जबकि हमजा खान और रूशिल खेडिकर ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिवनी जिले की टीम ने 57 रन पर 6 विकेट खो दिए थे, जिसके बाद कप्तान अक्षय मिश्रा (62 रन, 54 गेंद) और हमजा खान (37 रन) के बीच 7वें विकेट के लिए 85 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई, लेकिन टीम लक्ष्य से 61 रन पीछे रह गई।



नरसिंहपुर की ओर से कप्तान सुबीर अरोरा ने 4 विकेट, गौरव जाट ने 3 विकेट तथा मोहम्मद फराज ने 2 विकेट लिए। मैच में अंपायर पवन सिंधिया एवं प्रतीक खरे रहे, जबकि स्कोरिंग सिमरन द्वारा की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुबीर अरोरा (93 रन एवं 4 विकेट) को पूर्व क्रिकेटर एवं जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव धर्मेश भाई पटेल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर ओ.एफ. खमरिया के महाप्रबंधक अशोक मीणा, पूर्व क्रिकेटर एवं जबलपुर क्रिकेट क्लब अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, अंजनी सिन्हा, योगेश गोस्वामी, सी.एन. कृष्णन, हरीश शर्मा एवं युवराज विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कल 27 मई 2026 को पूल-बी का अगला मुकाबला जे.पी. बॉयज बनाम नर्मदा क्लब के बीच प्रातः 8 बजे से खेला जाएगा।



# नर्मदा क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवें दिन रोमांचक मुकाबले, कटनी टीमों का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** नर्मदा क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवें दिन खेले गए मुकाबलों में रोमांचक और एकतरफा दोनों तरह के मैच देखने को मिले। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले मुकाबले में केसीए कटनी ने नर्मदा बी को हराया। केसीए की ओर से आयुष नारायण सिंह ने 54 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि अधेध्या प्रताप सिंह ने 20 रन बनाए। नर्मदा बी की ओर से दर्शित और शानू ने 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी में नर्मदा बी के आदित्य मिश्रा ने 19 रन बनाए, लेकिन केसीए के तेजस्व, अधेध्या प्रताप और अवि परमार ने 2-2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। दूसरे मैच में यंत्रा इंडियन कटनी ने हिमालयन टीम को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। यंत्रा इंडियन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए, जिसमें शिखर ने शानदार शतक लगाते हुए 121 रन की पारी खेली। जवाब में हिमालयन की ओर से आरव पटेल ने 67 और यश पटेल ने 42 रन बनाए, लेकिन टीम 197 रन तक ही पहुंच सकी। यंत्रा इंडियन की ओर से सार्थक गिरी ने 3 विकेट हासिल किए। तीसरे मुकाबले में एचएलसीए कटनी ने जेपी क्लब को 71 रन से हराया। एचएलसीए की ओर से नव्यांश ने 49 और देव बिस्वास ने 25 रन बनाए। जवाब में जेपी क्लब की टीम 91 रन पर सिमट गई। एचएलसीए के अरुष तिवारी और ऋषु ने 3-3 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## निधन

**श्री विनोद कुमार दासवानी-** आलोक टावर कटंगा निवासी श्री विनोद कुमार दासवानी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुरमीत कौर नारंग-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री जोगिन्दर सिंह नारंग की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर नारंग (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अनुसुईया उपाध्याय-** शारदा रेसीडेंसी आलोक नगर अधारताल निवासी श्री प्रभाकर उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसुईया उपाध्याय (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम किशन बेन-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम किशन बेन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती केसर दुबे-** विजय नगर काली मंदिर के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती केसर दुबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश बंशकार-** गोरखपुर स्थित महर्षि स्कूल के पीछे निवासी श्री कैलाश बंशकार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा श्रीवास्तव-** मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री भरत लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आशा श्रीवास्तव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल अग्रवाल-** भालदारपुरा निवासी श्री अनिल अग्रवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लेखराम-** बापू नगर रांझी निवासी श्री लेखराम (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती गुहेरा-** झामनदास चौक के पास लालमाटी निवासी श्री राम प्रसाद गुहेरा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती गुहेरा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुमार विश्वकर्मा-** आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री महेश कुमार विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता अग्रवाल-** विजयनगर निवासी श्री रमेश कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री स्वप्निल नायडू-** राजीव नगर कटंगा निवासी श्री स्वप्निल नायडू (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गोमती बाई भोरेल-** मानेगांव गांधी चौक रांझी निवासी श्री नारायण प्रसाद भोरेल की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई भोरेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमेश कुमार-** मलिक कम्पाउंड सदर निवासी श्री रोशन लाल के पुत्र श्रीमेश कुमार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ब्रजेश कुमार अग्रवाल-** संचार नगर साईं कॉलोनी निवासी श्री ब्रजेश अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**शतायु श्रीमती मथुरा बाई सोनी-** नुनहाई सराफा निवासी श्री नाथूराम सोनी की धर्मपत्नी शतायु श्रीमती मथुरा बाई सोनी (110) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वेदांत वीरा-** राइट टाउन एमएलबी स्कूल के पास निवासी श्री हरनीश वीरा के पुत्र श्री वेदांत वीरा (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बृजभूषण गढ़वाल-** टैगोर रेलवे कॉलोनी निवासी श्री बृजभूषण गढ़वाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्ष ग्रानिया-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री राजा ग्रानिया के पुत्र श्री हर्ष ग्रानिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सत्य नारायण खंडेवाल-** अहिंसा चौक विजयनगर निवासी श्री सत्य नारायण खंडेलवाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप




### बीएसएनएल का राजस्व दो साल में 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का राजस्व बुनियादी ढांचे में सुधार के कारण दो साल में लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया। बयान में संचार राज्यमंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी के प्रसार भारती को दिए गए एक साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीएसएनएल के बदलाव के लिए सुनियोजित दृष्टिकोण अपनाये जाने से इसके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पेम्मासानी ने कहा, 'वित्तीय सुधार उल्लेखनीय है।

### अदाणी ग्रीन की बीईएसएस की क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने गुजरात के खावड़ा में अपनी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की परिचालन क्षमता बढ़ाकर 3.37 गीगावाट घंटा कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मार्च, 2026 में 1.37 गीगावाट घंटा की क्षमता जोड़ने के बाद उसकी कुल परिचालन बीईएसएस क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट घंटा हो गई है। खावड़ा में एजीईएल 30 गीगावाट का नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित कर रही है, जिसमें से 9.9 गीगावाट क्षमता पहले ही चालू हो चुकी है।



### एक्मे सोलर ने एसईसीआई से किया बिजली खरीद समझौता

**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने 300 मेगावाट/1,200 मेगावाट घंटा की एक परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर ने एक बयान में कहा कि उसकी अनुषंगी इकाई एक्मे रिन्यूटेक सिक्स्थ प्राइवेट लिमिटेड ने 25 वर्षीय बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।



### आईएफबी इंडस्ट्रीज का लाभ दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली।** आईएफबी इंडस्ट्रीज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर दोगुना से अधिक होकर 42.67 करोड़ रुपये रहा है। आईएफबी इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 18.87 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.33 प्रतिशत बढ़कर 1,498.20 करोड़ रुपये हो गई।



### रुपया 47 पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है।



# भारतीय शेयर बाजार को लगा बड़ा झटका, छोटे से देश 'ताइवान' ने पछाड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर भी बदलने लगी है। इसी बदलाव का असर अब भारत पर भी दिखा है, जहां ताइवान ने कुल मार्केट कैप के मामले में भारतीय शेयर बाजार को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया है। ताइवान का बाजार काफी केंद्रित है और वहां कुछ बड़ी टेक कंपनियों का दबदबा है। इसके उलट भारतीय बाजार कई सेक्टर्स में फैला हुआ है और यहां निवेश का आधार कहीं ज्यादा व्यापक है। भारतीय बाजार की यही विविधता उसे लंबी अवधि में ज्यादा स्थिर बनाती है।

## एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर बदल रही

### एआई बूम ने बदल दिया ताइवान का खेल

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, ताइवान का कुल मार्केट कैप बढ़कर 4.95 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है, जबकि भारत का मार्केट कैप 4.92 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। इस बढ़त के साथ ताइवान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह एआई सेक्टर में भारी निवेश को माना जा रहा है। दुनिया भर के निवेशक इस समय चिप, मेमोरी और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने वाली कंपनियों में पैसा लगा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा ताइवान की दिग्गज कंपनी टीएसएमसी को मिला है।




### अकेली टीएसएमसी ने खींचा पूरा बाजार

ताइवान के मुख्य इंडेक्स टायेक्स में टीएसएमसी की हिस्सेदारी करीब 42 फीसदी है। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी का असर सीधे पूरे बाजार पर दिखाई देता है। इस साल एआई बूम के कारण टीएसएमसी का शेयर करीब 49 फीसदी तक चढ़ चुका है। सेबी प्रमुख ने इसी को ताइवान बाजार का "कंसंट्रेटेड नेचर" बताया। उनका कहना था कि अगर कुछ बड़ी कंपनियों में जबरदस्त तेजी आ जाए तो पूरा मार्केट कैप अचानक ऊपर निकल सकता है। भारत का बाजार इस मामले में अलग है क्योंकि यहां बैंकिंग, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, इंफ्रा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स मिलकर बाजार को सपोर्ट करते हैं।

### विदेशी बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव

इस साल भारतीय शेयर बाजार पर लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव बना हुआ है। ऊंचे वैल्यूएशन, रुपए की कमजोरी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने विदेशी फंड्स को सतर्क कर दिया है। यही वजह है कि कई ग्लोबल निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालकर टेक और एआई आधारित बाजारों की तरफ रुख किया। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक भारत की जीडीपी करीब 4.15 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि ताइवान की अर्थव्यवस्था करीब 977 बिलियन डॉलर की है। यानी असली अर्थव्यवस्था के आकार में भारत अब भी काफी आगे बना हुआ है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर

# ईंधन के दाम बढ़ने से जून में पांच प्रतिशत पर पहुंच सकती है खुदरा मुद्रास्फीति : अर्थशास्त्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि के चलते खुदरा मुद्रास्फीति जून तक बढ़कर करीब पांच प्रतिशत तक जा सकती है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों में किसी भी बदलाव से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए 'इंतजार और निगरानी' की नीति अपनाएगा। 15 मई से शुरू हुई 11 दिन की अवधि में पेट्रोल की कीमतों में 7.38 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.48 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। विश्लेषकों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में यह वृद्धि परिवहन, भंडारण और आंशिक रूप से बिजली जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर महंगाई पर सीधा असर डालेगी।

- सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि का भी प्रभाव पड़ेगा

**खास बातें**

- आरबीआई ब्याज दरों में इंतजार करो की नीति अपनाएगा
- रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है



### सरकार ने सराफा पर आयात शुल्क किया 15 प्रतिशत

इसके अलावा, सरकार ने 13 मई को सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस तरह कीमती धातुओं के गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है।

### जून में मुद्रास्फीति 5 फीसदी से नीचे रह सकती है

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में औसतन 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति में करीब 0.75 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। मई, 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 4-4.5 प्रतिशत और जून में 4.5-5 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में यह वृद्धि लागत पर आधारित होने से रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है।

### तेजी का रुझान दिख रहा

हालांकि, यदि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर जाती है और उसमें तेजी का रुझान दिखता है, तो केंद्रीय बैंक दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है, लेकिन आरबीआई के छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर के भीतर रहने की संभावना है।

### आरबीआई तटस्थ रुख अपना सकता है

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पांच जून को होने वाली की बैठक में सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखते हुए 'तटस्थ रुख' बनाए रखा जा सकता है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 42 महीने के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत रही।

### परिवहन लागत व कच्चे माल से महंगाई का दबाव

बार्कलेज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री आस्था गुडवानी ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितताओं के बने रहने से परिवहन लागत और कच्चे माल की कीमतों के जरिये महंगाई का दबाव बढ़ सकता है, जिससे वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जरूरत पड़ सकती है।

# समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2,800 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। गांधी ने आक्रामक रुख अपनाने से परहेज किया और भू-राजनीतिक मोर्चे पर अधिक स्पष्ट संकेतों का इंतजार किया। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में यह 2,71,000 रुपये रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना टूटकर 1.62 लाख रुपए प्रति दस ग्राम



### अनिश्चितता की स्थिति और बढ़ गई

यह सब तब हुआ जब कतर में सात सप्ताह पुराने संघर्ष-विराम को बनाए रखने के उद्देश्य से वार्ता चल रही थी। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया है, जो ईरान के हवाई क्षेत्र में घुस आया था। बातचीत में अनिश्चितता की स्थिति और बढ़ गई।

# श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर एक प्रतिशत बढ़ाई




एजेंसी ⏭ कोलंबो

श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को नीतिगत ब्याज दर में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करते हुए इसे 8.75 प्रतिशत कर दिया। यह पिछले तीन वर्षों में पहली बढ़ोतरी है। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने एक बयान में कहा कि नीतिगत दर में वृद्धि का यह निर्णय घरेलू और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मौद्रिक नीति बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, ओवरनाइट नीतिगत दर (ओपीआर) को एक प्रतिशत अंक बढ़ाकर 8.75 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ मानक जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) और स्थायी उधारी सुविधा दर (एसएलएफआर) को भी बढ़ाकर क्रमशः 8.25 प्रतिशत और 9.25 प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल सहित जिंस कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिसका असर वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

- ब्याज दर को बढ़ोतरी करते हुए 8 .75 प्रतिशत कर दिया

### मुद्रास्फीति पांच फीसदी से ऊपर बनी रहेगी

*केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुद्रास्फीति आने वाले समय में पांच प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी रह सकती है, हालांकि बाद में इसके स्थिर होने की संभावना है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के मुताबिक, श्रीलंकाई रुपया हाल के हफ्तों में दबाव में रहा है लेकिन बाद में स्थिति कुछ हद तक स्थिर हुई है। साल की शुरुआत से 22 मई तक श्रीलंकाई रुपया 7.2 प्रतिशत कमजोर हो चुका था।*

# यूनियन बैंक बांड, इक्विटी से 8,000 करोड़ रुपए जुटाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने मंगलवार को बॉन्ड या इक्विटी के माध्यम से 8,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने की मंजूरी दी। इसमें 3,000 करोड़ रुपये इक्विटी शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे। यूनियन बैंक ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने बासेल तीन के अनुरूप अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड और/या टियर 2 बॉन्ड के माध्यम से 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, बोर्ड ने 8,000 करोड़ रुपये की कुल सीमा के भीतर किस्तों में 3,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है। यह पूंजी सार्वजनिक निर्गम (यानी आगे सार्वजनिक पेशकश) और/या राइट्स इश्यू और/या निजी नियोजन के माध्यम से जुटाई जाएगी।

# शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम

एजेंसी ⏭ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा रुपये में गिरावट के बीच वित्तीय और बैंक शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक की गिरावट आई और यह 75,909.68 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दक्षिणी ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों की खबरों के बाद अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद कम हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और रुपये में कुछ समय की तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली।'' सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इटर्नल, मारुति और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं।

- सेंसेक्स 479 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को 'मेमोरियल डे' के मौके पर बंद थे।

# हिताची एनर्जी का मार्च तिमाही लाभ 80% बढ़ा




**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अपने शुद्ध लाभ में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 330.5 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च आय से हुई है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में समान तिमाही के दौरान कंपनी ने 183.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बयान मे कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,754.1 करोड़ रुपये हो गई, जो 46.2 प्रतिशत की वृद्धि है और यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,883.7 करोड़ रुपये थी।

# बैंकों का प्रदर्शन मजबूत, सालाना 15.90 प्रतिशत की वृद्धिः नागराजू

एजेंसी ⏭ अगरतला

वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने मंगलवार को कहा कि देश के सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंक सालाना 15.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 'बहुत अच्छा' प्रदर्शन कर रहे हैं।सचिव ने कहा, ''हमारे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक 15.90 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

**मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
कार्यालय मण्डल प्रबंधक, छिन्दवाड़ा परियोजना मण्डल खजरी रोड
छिन्दवाड़ा (म.प्र.), फोन/फैक्स नं. : 07162-310866
ई-मेल : dmvvnchw@ yahoo.com, CIN : U02001MP1975SGC001341

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वर्ष 2026-27 में म.प्र. राज्य वन विकास निगम छिन्दवाड़ा परियोजना मण्डल अंतर्गत रोपणी एवं विरलन कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डरिंग पद्धति से https://mptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत विवरण निगम की वेबसाइट www.mpsfdc.com पर भी उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/126016/2026 संभागीय प्रबंधक

## पांच सीटों वाली सुपरकार देगी 530 किमी की रेंज

# पहली फेरारी इलेक्ट्रिक कार हुई लांच, कीमत 6.10 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुपरकार बनाने वाली मशहूर कंपनी फेरारी ने रोम में अपनी पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार लूस को आधिकारिक तौर पर पेश कर दिया है। यह पहली बार है जब कंपनी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेगमेंट में कदम रखा है, यानी कंपनी ने पहली बार इलेक्ट्रिक कार पेश की है। इसकी कीमत 5,50,000 यूरो (लगभग 6.10 करोड़ रुपए) से शुरू होती है। हालांकि, फेरारी अपनी पेट्रोल और हाइब्रिड कारें भी बेचती रहेगी। लूस सिर्फ फेरारी की पहली इलेक्ट्रिक कार ही नहीं है, बल्कि यह कंपनी की पहली 4 दरवाजों और 5 सीटों वाली कार भी है। सिंगल चार्ज में यह कार 530 किलोमीटर की रेंज देगी।

- फेरारी अपनी पेट्रोल और हाइब्रिड कारें भी बेचती रहेगी



### 1035 एचपी की पावर मिलती है

कार का रियर मोटर 355केडब्ल्यू की पावर प्रोड्यूस करता है। वहीं फ्रंट के दोनों पहियों में 105 किलोवॉट की पावर वाले मोटर्स लगाए गए हैं। कार के चारों पहियों को मिलाकर कुल 1035 एचपी की पावर मिलती है। कार में 800 वोल्ट की बैटरी दी गई हैं। ये कार 350 किलोवॉट तक की चार्जिंग सपोर्ट करती है।

### जॉनी आईव ने किया है डिजाइन

कार को फेरारी के सेंट्रो स्टाइल ने लवफ्रॉम के साथ मिलकर तैयार किया है। लवफ्रॉम एक डिजाइनिंग फर्म है, जिसकी स्थापना जॉनी आईव ने की है। जॉनी आईव को आईफोन और दूसरे ऐपल प्रोडक्ट्स के डिजाइन के लिए जाना जाता है। लूस में एयरोडायनामिक का खास ध्यान रखा गया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**प्रथम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID - 2026_UAD_509459_1 PRO-226 Date- 26/05/2026 | संभाग क्र. 01 गढ़ा वार्ड में 90 क्वार्टर संजीवनी नगर में खरे आटा चक्की के पास नाली निर्माण कार्य। | 2.68 लाख दो माह | 2000/- 2680 | 12/06/2026 |
| 2. | Tender ID - 2026_UAD_509459_2 PRO-226 Date- 25/05/2026 | संभाग क्र. 01 गढ़ा वार्ड में 90, क्वार्टर पॉवर हाउस के पास नाली निर्माण कार्य। | 3.88 लाख दो माह | 2000/- 3880/- | 12/06/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
नगर पालिक निगम, जबलपुर

चिंतन

# घुसपैठियों से सुरक्षा का बड़ा खतरा, संसाधनों पर दबाव

देश की बदलती डेमोग्राफी अब राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय बनती जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल, असम और अन्य सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती मौजूदगी ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं, उसने यह साबित किया है कि यह समस्या वर्षों से लगातार बढ़ती रही है। पूर्व की सरकारों ने इन्हें आश्रय दिए हैं। अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या संतुलन यानी डेमोग्राफी को प्रभावित नहीं करती, बल्कि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर भी दबाव बढ़ाती है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई घुसपैठिये विभिन्न राज्यों में काम कर रहे हैं। उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर तक इनके नेटवर्क फैलने की खबरें सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। कई मामलों में नशा, हथियार तस्करी और सेना व अर्धसैनिक बलों की जासूसी जैसी गतिविधियों में भी इनके शामिल होने की आशंका जताई गई है। अब यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संसाधनों और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा देश में "असामान्य जनसंख्या बदलाव" की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन इसी चिंता का संकेत है कि समस्या अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। सीमावर्ती राज्यों में वर्षों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठता रहा है। राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति ने इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया। ये लोग केवल मजदूरी या छोटे-मोटे रोजगार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऑनलाइन ट्रांसपोर्ट, गिग वर्क, किराए के मकानों और पहचान आधारित सुविधाओं तक पहुंच बना चुके हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने पहचान और सत्यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। दुनिया इस समय युद्ध, साइबर हमलों और खुफिया गतिविधियों के दौर से गुजर रही है। सूचना आज सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। ऐसे में यदि सीमाओं के रास्ते बिना सत्यापन के लोग देश में प्रवेश करें और वर्षों तक फर्जी पहचान के साथ रह सकें, तो यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक स्थिति है। कई मामलों में विदेशी जासूसी नेटवर्क, तस्करी और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने इस खतरे को और स्पष्ट किया है। इसके साथ ही देश के संसाधनों पर बढ़ता दबाव भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत पहले से ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के दबाव से जूझ रहा है। सरकारें जिन योजनाओं और सुविधाओं को देश के नागरिकों के लिए तैयार करती हैं, उन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बोझ बढ़ने से स्थानीय आबादी प्रभावित होती है। गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के हिस्से की सुविधाएं कम पड़ने लगती हैं। यह स्थिति सामाजिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है, जो आगे चलकर सांप्रदायिक और क्षेत्रीय तनाव का कारण बन सकती है। ऐसे समय में अवैध रूप से रह रहे विदेशी तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार डेमोग्राफी के बदलते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए घुसपैठियों की पहचान करे, सीमा सुरक्षा मजबूत बनाए और उन्हें वापस भेजने की प्रभावी कार्रवाई करे।



संक्रमण

महेन्द्र तिवारी

# इबोला के खतरे के बीच भारत सतर्क

> भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए।

अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला विषाणु के नए और बेहद खतरनाक प्रकोप ने पूरी दुनिया को एक बार फिर से चिंता और सतर्कता की स्थिति में ला खड़ा किया है। युगांडा और कांगो जैसे देशों में तेजी से फैल रहे इस घातक संक्रमण को देखते हुए भारत ने भी अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और विशेषकर हवाई अड्डों पर निगरानी को अत्यधिक कड़ा कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नई और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करते हुए विमानन कंपनियों और हवाई अड्डा प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान करना और इस बीमारी को देश के भीतर फैलने से रोकना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई 2026 को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया। संगठन के अनुसार कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण ने वैश्विक चिंता को बढ़ा दिया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 246 संदिग्ध मामले और 80 मौतें दर्ज की गई थीं, लेकिन बाद में यह संख्या लगातार बढ़ती चली गई। कई रिपोर्टों में 600 से अधिक संदिग्ध मामलों और 139 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया है। कुछ ताजा रिपोर्टों में 900 से अधिक संदिग्ध मामलों और 220 संभावित मौतों की भी आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण बंडिबुग्यो प्रकार के इबोला विषाणु से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार को बेहद खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इसके लिए अब तक कोई स्वीकृत और पूरी तरह प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है कि इस प्रकार के संक्रमण के लिए अभी केवल सहायक उपचार ही संभव है। यही कारण है कि संक्रमित व्यक्ति की जल्दी पहचान और उसे तुरंत अलग करना सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की उष्मीय जांच की जा रही है ताकि बुखार या संक्रमण के शुरुआती संकेत तुरंत पकड़े जा सकें। यात्रियों से स्वास्थ्य घोषणा पत्र भी भरवाए जा रहे हैं जिनमें उनकी पिछली यात्राओं और स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी ली जा रही है। इबोला का सबसे खतरनाक पहलू इसका लंबा उद्भवन काल माना जाता है। संक्रमण के बाद लक्षण सामने आने में 2 से 21 दिन तक का समय लग सकता है। इस दौरान संक्रमित व्यक्ति सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन वह दूसरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इसी कारण भारत में आने वाले यात्रियों की पिछले 1 महीने की यात्रा जानकारी को बारीकी से जांचा जा रहा है। यदि कोई यात्री हाल में प्रभावित देशों में गया हो या वहां से होकर आया हो तो उस पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हवाई अड्डों पर विशेष पृथक कक्ष बनाए गए हैं ताकि किसी यात्री में लक्षण मिलने पर उसे तुरंत सामान्य लोगों से अलग किया जा सके। ऐसे यात्रियों के रक्त और अन्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को भी तैयार रहने के निर्देश दिए




हैं। डॉक्टरों और नर्सों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए मरीजों का इलाज कर सकें। सुरक्षात्मक कपड़े, दस्ताने और उच्च गुणवत्ता वाले मास्क के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं। यदि उड़ान के दौरान कोई यात्री अचानक तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाता है तो चालक दल को तुरंत वायु यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देनी होगी। कुछ मामलों में संदिग्ध यात्रियों को विमान में अलग सीटों पर बैठाने और उनके संपर्क में आए यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इबोला दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खून, पसीने, उल्टी, लार या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क से फैलती है। इसके शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे लग सकते हैं। मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, गले में दर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द होता है। बाद में उल्टी, दस्त और गंभीर स्थिति में आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यही कारण है कि शुरुआती पहचान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। युगांडा और कांगो में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्वास्थ्यकर्मी भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय अविश्वास के कारण संक्रमण को नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। कुछ इलाकों में उपचार केंद्रों पर हमले तक किए गए हैं, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और व्यापार के कारण कोई भी संक्रमण कुछ घंटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और यूरोप के कई देशों ने भी यात्रियों की अतिरिक्त जांच और निगरानी शुरू कर दी है। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा को लेकर चेतावनी भी जारी की है। भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। बीमारी को छिपाना या इलाज में देरी करना समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों को हाथों की सफाई, संक्रमित व्यक्ति से दूरी और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करना चाहिए। इबोला के बढ़ते मामलों ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को हर समय तैयार रहना चाहिए। महामारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं होती बल्कि वह सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती भी बन जाती है। यदि समय रहते तैयारी न की जाए तो छोटी सी लापरवाही भी बड़े संकट में बदल सकती है। फिलहाल भारत की कोशिश यही है कि यह बीमारी देश की सीमाओं तक पहुंचे ही नहीं और यदि कोई मामला सामने आए भी तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जा सके ताकि देश की जनता सुरक्षित रह सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

अम्बरीष प्रजापति



# डिजिटल प्रतिरोध या एल्गोरिदम का खेल

लोकतंत्र की आत्मा संवाद में बसती है। संवाद और प्रतिरोध लोकतांत्रिक परंपराएं रही हैं। जब संवाद की भाषा में मर्यादा की सीमाएं टूटने लगती हैं, तो समाज विरोध के नए रास्ते तलाश लेता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए बेरोजगार युवाओं और सोशल मीडिया, आरटीआई एक्टिविस्ट की तुलना कॉकरोच और समाज के परजीवियों से कर दी। जब इस टिप्पणी का विरोध हुआ तो 16 मई को जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मेरी टिप्पणी को कांट-छांट कर एवं गलत अर्थों में पेश किया गया। मैंने फर्जी डिग्री वाले कुछ युवाओं के लिए कहा था, लेकिन तब तक यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। उनकी इस टिप्पणी ने देश के युवाओं की दुखती रग पर हाथ रख दिया था। युवा पहले से ही बेरोज़गारी, पेपर लीक और व्यवस्था की उदासीनता से जूझ रहे थे। इसके जवाब में देश के युवाओं ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने या पारंपरिक तरीके से नारेबाजी करने के बजाय इंटरनेट के युग में डिजिटल प्रतीकात्मक आंदोलन करना चुना – व्यंग्य, हास्य और मीम। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्चुअल 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जन्म हुआ। इसने चंद ही दिनों में देश की सबसे बड़ी और स्थापित राजनीतिक पार्टियों के फॉलोअर्स की संख्या को पीछे छोड़कर सोशल मीडिया पर एक नया इतिहास रच दिया। इससे बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक हैरत में पड़ गए। यह महज एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं, बल्कि इसे देश के युवाओं का व्यवस्था के प्रति एक गहरा प्रतीकात्मक विरोध बताया गया।

सवाल यह है कि इस डिजिटल राजनीतिक मोर्चे की नींव किसने रखी और इसके पीछे की वास्तविक मंशा क्या थी? क्या यह कॉकरोच जनता पार्टी का डिजिटल अभियान वास्तव में युवाओं के मुद्दों के लिए चलाया गया या कोई नैरेटिव/ एजेंडा तो नहीं? इसे समझना आवश्यक है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके हैं, जो पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर्स कर रहे हैं। दिपके कोई नौसिखिए इंटरनेट यूजर नहीं हैं बल्कि राजनीतिक संचार और सोशल मीडिया नैरेटिव बिल्डिंग के रणनीतिकार हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम में काम किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के नेताओं ने दावा किया कि इन फॉलोअर्स में एक बहुत बड़ा हिस्सा 'बॉट्स' (फर्जी कंप्यूटर अकाउंट्स) का है, जिनका संचालन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से किया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक चेतावनी की तरह है। यह इस बात का संकेत है कि भविष्य के चुनाव केवल जमीनी स्तर पर नहीं, बल्कि डिजिटलमैनिपुलेशन और एल्गोरिदमके जरिए भी लड़े जा सकते हैं। इस सटायरिकल डिजिटल मूवमेंट को मीडिया थ्योरीज से समझते हैं। रूसी दार्शनिक मिखाइलबख्तिन ने सदियों पहले कार्निवलेस्क का सिद्धांत दिया था जिसके अनुसार लोक संस्कृति में आम जनता हास्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रखती थी और प्रतिरोध करती थी। सीजेपी का इसी कार्निवलेस्क सिद्धांत के तहत प्रतिरोध है। यह प्रतीकात्मक आंदोलन डिजिटल संचार की उन आधुनिक कूटनीतियों पर टिका है जो पारंपरिक मीडिया के पूरे ढांचे को चुनौती देती है।

मैकोम्ब्स और शॉ का 'एजेंडा-सेटिंग' सिद्धांत कभी यह दावा करता था कि एजेंडे मुख्यधारा का मीडिया तय करता है। कॉकरोच जनता पार्टी का यह डिजिटल मूवमेंट नेटवर्क एजेंडा सेटिंग के जरिए काम कर रहा है। जहां इंटरनेट पर पैरोडी घोषणा पत्रों, व्यंग्यात्मक मीम्स और हैशटैग्स को वायरल किया जाता है। जो सोशल मीडिया के एल्गोरिदम को प्रभावित करते है। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि जनता को यह समझना होगा कि हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती और सोशल मीडिया पर दिखने वाले फॉलोअर्स असली जनसमर्थन का प्रतीक नहीं होते। इस तरह के डिजिटल संगठनों के उभार, उनके पीछे छिपे अज्ञात चेहरों और फंडिंग के स्रोतों की गहन जांच होनी चाहिए ताकि हमारे देश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया को किसी भी तरह के बाहरी या आंतरिक डिजिटल मैनिपुलेशन से बचाया जा सके। जब तक इस आभासी संगठन के पीछे के सच को पूरी तरह नहीं समझ लेते, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी और देश के लोकतंत्र को इस तरह के सैटिरिकल से बचाए रखना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## रिलेशनशिप में इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित

दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित

प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रुपये का अवमूल्यन चुनौती भी, अवसर भी**


पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक नए दबाव का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा की बचत की अपील और आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त करना इसी चिंता को दर्शाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे भारत का आयात बिल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर भारतीय रुपए पर पड़ रहा है और अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भविष्य में रुपया प्रति डॉलर 100 रुपए के स्तर तक पहुंच सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी है, और अवसर भी है।

*– मोंटी शर्मा, अंबाला*

करंट अफेयर

## गर्मियों के दौरान वायु गुणवत्ता अधिक खराब हो सकती है


दुनिया भर में वायु प्रदूषण को किसी भी अन्य पर्यावरणीय जोखिम की तुलना में समय से पहले होने वाली अधिक मौतों से जोड़ा जाता है। इससे फेफड़ों के कैंसर, श्वसन संक्रमण, हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों तथा अन्य कारणों से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। कनाडा जैसे देशों में भी, जहां वायु प्रदूषण को आमतौर पर कम जोखिम वाला माना जाता है, हर साल 17,000 से अधिक समयपूर्व मौतें और 140 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के आर्थिक नुकसान इससे जुड़े हैं। भारी उद्योगों और जंगलों में लगने वाली आग से उत्पन्न प्रदूषण बाहरी हवा को इतना दूषित कर सकता है कि वह तत्काल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने लगती है। जलवायु परिवर्तन तापमान, हवाओं और वर्षा के स्वरूप में बदलाव के जरिए वायु गुणवत्ता को और खराब कर सकता है, जिससे प्रदूषकों का उत्सर्जन बढ़ता है। वर्ष 2100 तक अमेरिका में 10 करोड़ लोग गर्मियों के दौरान अस्वास्थ्यकर हवा में सांस लेने को मजबूर हो सकते हैं। यह संख्या वर्ष 2000 की तुलना में सात गुना अधिक होगी। शोध के अनुसार यदि वायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों के सामने या तो घरों के भीतर रहने जैसे बचाव उपाय अपनाने अथवा बीमारी और मृत्यु के बढ़े हुए जोखिम का सामना करने का विकल्प होगा।



ऑफ बीट


## क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं

'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है–जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे–छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।



## ट्रेंड

### जनमानस परिवर्तन



देश जनमानस परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा रहा है। यह मुद्दा केवल जनसंख्या परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक संरचना से भी जुड़ा है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### मुफ्त राशन



अब दिल्ली सरकार की ओर से 25 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मुफ्त राशन मिलेगा। नई सीबीडीसी-आधारित प्रणाली के माध्यम से राशन का लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंचेगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### देश की बर्बादी



यह एक तरह का धीमा जहर है जो गरीबों को तबाह कर रहा है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके कीमतें बढ़ा रही है। अगर एक हफ्ते में कीमतें 10-12 रुपये बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब है कि मोदी जी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### आंतरिक शांति का संदेश



ऐसे समय में जब दुनिया संघर्ष, तनाव, विभाजन और अशांति का सामना कर रही है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का करुणा, सहअस्तित्व और आंतरिक शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। संवाद और मानवता में उनका विश्वास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।
**- विक्रमजीत सिंह,** राज्यसभा सदस्य

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style



# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।

## हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा



**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

## टीवी मसाला

# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।

## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'

# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें




मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन



**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।

## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉर्ड्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

# नगर निगम की जल चौपाल से नागरिकों को मिल रही राहत

## कई समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान



**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहरवासियों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वार्ड स्तर पर जल चौपालों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को लगातार राहत मिल रही है। इसी क्रम में 26 मई 2026 को संभाग क्रमांक 7 इंदिरा गांधी वार्ड एवं संभाग क्रमांक 8 भानतलैया अंतर्गत खेरमाई वार्ड में त्रिमूर्ति मंदिर के समीप जल चौपाल आयोजित की गई। जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर पहुंचकर नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। नगर निगम टीम द्वारा 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए, 5 बंद हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा 9 ट्यूबवेलों को पुनः चालू किया गया। इसके अलावा 18 स्थानों पर जल परीक्षण कर पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। संजय गांधी वार्ड में अक्सा मस्जिद के पास पाइप लाइन विस्तार कार्य किया गया, जबकि राधा कृष्णन वार्ड में राइजिंग मेन पाइप लाइन से किए गए अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई कर व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। महापौर एवं निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि जल का अनावश्यक अपव्यय न करें तथा किसी भी प्रकार की जल संबंधी समस्या या लीकेज की सूचना तत्काल जल चौपाल या संबंधित निगम कार्यालय में दें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल में नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन



जबलपुर। लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल की सामान्य सभा की बैठक विगत दिवस होटल ट्राईमैक्स में आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र 2026-27 के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में लायन राजेश ढींगरा को अध्यक्ष, लायन उमाशंकर सिंह को सचिव तथा लायन राजीव शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन के सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। नव-नियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह लोधी, धीरेंद्र सिंह, भारत साहू, शरद सोनी, भारत अग्रहरि, के.के. गुमास्ता, अजय गुप्ता, संदीप गुप्ता, एम.एम. नेमा सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में 151 हनुमान चालीसा पाठ, विश्व शांति व अच्छी वर्षा की कामना



**जबलपुर।** साकेत नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अगहन अधिक मास, गंगा दशहरा, पद्मिनी एकादशी एवं बड़े बुढ़वा मंगलवार के संयोग पर 151 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व शांति एवं भारत में अच्छे मानसून की कामना के साथ श्रीराम लला सरकार एवं हनुमान जी महाराज से विशेष प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, पार्षद प्रतिभा भापकर, नीता रजक, रूपा दहिया, सरिता दुबे, पूनम राजपूत, नीलू बेन, मेघा पटेल, कीर्ति जायसवाल, अनीता मिश्रा, अर्पणा, सुमन उसरेठे, मोना उपाध्याय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री साईं महिला मंडल, साकेत नगर की रूपा उपाध्याय, भारती श्रीवास्तव, यशोदा मेवारी, गायत्री कौरव, राशि पटेल, आराधना श्रीवास्तव, अलका वर्मा, कामिनी पटेल, नंदिनी साक्षी, उषा किरण जोशी, दीप्ति तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## "जीना सीखो" कार्यक्रम में बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जबलपुर।** श्री राम ग्रुप जबलपुर के तत्वावधान में कार्यालय आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज में "जीना सीखो" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नेश कुरारिया, डॉ. विद्या रत्न बरकड़े, श्री आर.के. करसोलिया, श्री रामेंद्र करसोलिया, सुश्री सोनम करसोलिया, श्री राजुल करसोलिया, डॉ. प्रदीप उप्पल, डॉ. योगेश मोहन दुबे, मनोरोग काउंसलर श्रीमती माया सिंह एवं श्रीमती मनीषा सोनी उपस्थित रहे। सभी विशेषज्ञों ने बच्चों को आत्मविश्वास, संवाद कौशल, सकारात्मक सोच एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति के महत्व के बारे में प्रेरित किया। डॉ. रत्नेश कुरारिया ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. नवीन कोठारी ने परिवार, महाविद्यालय एवं समाज को बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. आयुषी करसोलिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। अंत में संस्था के वाइस चेयरमैन श्री रामेंद्र करसोलिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए "जीना सीखो" जैसे कार्यक्रमों को बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक सुदृढ़ता के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर दिव्यांशी दुबे ने किया।



## जगतगुरूजी ने हरी झंडी दिखाकर अमरकंटक यात्रा को किया रवाना

**जबलपुर।** स्वयं सिद्ध हनुमान प्रभात फेरी द्वारा आयोजित अमरकंटक बस सेवा यात्रा का शुभारंभ 23 मई 2026 की रात्रि 8 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। जगतगुरू पूज्य डॉ. बालगोविन्दाचार्य महाराज, महंत रामजीशरण महाराज एवं सांई मंदिर प्रमुख शिव पाठक के सानिध्य में यात्रा को हरी झंडी दिखाकर अमरकंटक माँ नर्मदा जी के दर्शन हेतु रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आशीष दुबे के बड़े भाई आशुतोष दुबे एवं मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह के छोटे भाई लेखराज "मुन्ना भैया" उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक ठाडेश्वर महावर सहित सभी अतिथियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजेन्द्र तिवारी, गुरूदयाल महावर, राजेश चौबे, मूरत सिंह ठाकुर, पुष्पा महावर, शशि सिगरौरे, राकेश चौधरी, प्रभात पटैल, देवलाल, राजेश दुबे, संजय लोधी, बदन सिंह, शेषमणी पटैल, रमेश खरे, अशोक, मोनिका, मुन्नी बाई, शांति बाई, किशनलाल गुप्ता, संतोष ठाकुर, उदित ठाकुर, दिलीप सिगरौर, छोटेलाल प्रजापति, घनश्याम राठौर, भीमसेन मिश्रा, नारायण पटैल, संध्या पटैल, अमन पटैल, देशराज कनौजिया सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## "मन की बात–किसानों के साथ" कार्यक्रम को सफल बनाने भाजपा किसान मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाले "मन की बात–किसानों के साथ" कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय जबलपुर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव-गांव तक किसानों से संपर्क, बूथ स्तर पर आयोजन एवं अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, बरगी विधायक नीरज सिंह एवं प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह का आगमन हुआ, जिनका जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य वक्ता गोपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। विधायक नीरज सिंह एवं प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह ने भी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने और अधिक किसानों को जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में जिला ग्रामीण महामंत्री राजेश दाहिया, उपाध्यक्ष आशीष पटेल, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष अभिनव यादव, जिला ग्रामीण महामंत्री किसान मोर्चा संतोष परिहार, मंडल अध्यक्ष शाहपुरा श्री अखिलेश नामदेव, भेड़ाघाट मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल एवं चरगवां मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पेट्रोलियम, दूध व खाद्य तेलों की कीमत वृद्धि के विरोध में भाकपा का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद जबलपुर द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों, विभिन्न दुग्ध उत्पादक कंपनियों द्वारा दूध के दामों में वृद्धि, खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी तथा नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस संबंध में 25 मई को घंटाघर चौराहे पर दोपहर 11 बजे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण की मांग की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजेन्द्र गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, रामरतन पारस, मुस्तफा अंसारी, कामरेड शफीक, कामरेड सलामत, शिव चौधरी, कृष्णा चौधरी, भावेश श्रीवास्तव, अजय यादव, कामरेड बैचू, डी.के. सिंह, अशोक पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कल मनाई जाएगी ईद-उल-अज़हा



**जबलपुर।** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का पर्व 28 मई, जुमेरात को पूरे देश में अकीदत और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगेंगे। रानीताल ईदगाह में मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी समुदाय को संबोधित करेंगे, जबकि सुबह 10:30 बजे नायब मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना सूफी जियाउल हक कादरी ईद की नमाज अदा कराएंगे। हजरत मौलाना इनामुल हक कादरी ने नमाजियों से समय से पहले पहुंचने की अपील की है। गोहलपुर वक्फ मोमिन ईदगाह में सुबह 8:30 बजे पेश इमाम हाफिज मोहम्मद ताहिर साहब नमाज अदा कराएंगे। सदर बाजार ईदगाह में भी सुबह 8:30 बजे मौलाना सुल्तान अहमद साहब नमाज पढ़ाएंगे, जबकि सदर जामा मस्जिद में नमाज सुबह 9:15 बजे होगी। गढ़ा ईदगाह में सुबह 9:45 बजे हाफिज कारी मौलाना अमीर अशरफ नमाज अदा कराएंगे।

मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी कदीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी शेख जमील नियाजी, हाजी मकबूल अहमद रजवी, मुबारक अली कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, पप्पू वसीम खान, याकूब अंसारी, अकबर खान सरवर, आमीन कुरैशी, हाजी हामिद मंसूरी, इनायत अली कादरी, जवाहर अली कादरी एवं एजाज अहमद उस्मानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने नागरिकों से पर्व को भाईचारे, शालीनता और प्रशासनिक सहयोग के साथ मनाने की अपील की है।

## अधिवक्ता मित्र मंडली ने किया जेडीए के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का सम्मान



**जबलपुर।** अधिवक्ता मित्र मंडली के तत्वावधान में जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का पदभार ग्रहण के उपरांत कार्यालय परिसर में भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पदाधिकारियों को पुष्पमालाएं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दायित्व निर्वहन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। अधिवक्ताओं ने जबलपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने एवं नगर के सुव्यवस्थित विकास हेतु आशा व्यक्त की। कार्यक्रम में अधिवक्ता श्री जगदीप प्रकाश, एडवोकेट मनोज कुमार सनपाल, एडवोकेट आकाश शर्मा, एडवोकेट वैभव कुमार जैन, एडवोकेट पवन शर्मा, रवि गुजर, एडवोकेट अभिषेक सोनी, एडवोकेट भरत रजक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने विश्वास जताया कि संदीप जैन एवं प्रशांत केशरवानी के नेतृत्व में जेडीए नगर के विकास में नए आयाम स्थापित करेगा।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का बड़ा निर्णय

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अनुकंपा नियुक्ति नीति में संशोधन किया है। इसके तहत दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृत पदों की संख्या एवं श्रेणियों का विस्तार किया गया है। कंपनी द्वारा वर्ष 2018 की अनुकंपा नियुक्ति नीति में संशोधन करते हुए नवीन संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों को शामिल किया गया है। संशोधित व्यवस्था के तहत अब तृतीय श्रेणी में परीक्षण सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-3 एवं कनिष्ठ शीघ्रलेखक तथा चतुर्थ श्रेणी में लाइन परिचालक एवं सिविल परिचारक जैसे पदों पर अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि यह निर्णय मानवीय संवेदनाओं एवं कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक संबल मिल सके। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों एवं संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारी हित में एक सकारात्मक कदम बताया है।

## लोकनृत्य, संगीत और नाटक की प्रस्तुतियों के साथ कार्यशाला का समापन



**जबलपुर।** नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर, अधारताल के सहयोग से आयोजित 25 दिवसीय अभिनय, लोक संगीत, लोक नृत्य एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का भव्य समापन सोमवार को विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उपाध्यक्ष श्री नंदलाल इदनानी एवं प्राचार्य श्रीमती मनीषा ठाकुर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि शरद चंद्र पालन एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगीत, नाटक एवं नृत्य जैसी कलाएँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला के दौरान तैयार ऐतिहासिक नाटक "रानी दुर्गावती" का मंचन विनय शर्मा एवं पराग तेलंग के निर्देशन में किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। इसके साथ ही भावना विश्वकर्मा के निर्देशन में बुंदेली लोकगीत फाग "बलम नई आ फागुन में" की प्रस्तुति तथा प्रेमराज विश्वकर्मा एवं देवेंद्र झरिया के निर्देशन में बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई एवं ढिमरयाई की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अद्विका शर्मा, हर्षिता दुबे, तेशी चौधरी, कल्पना चक्रवर्ती, अनुश्री विश्वकर्मा, प्रतिष्ठा विश्वकर्मा, परी विश्वकर्मा, राधिका चक्रवर्ती, वाणी पटेल, जानवी वैरागी, ऐश्वर्या मिश्रा, आशी वरकड़े, कशिश लाहोरी, अंजली यादव, अंशिका पाठक, आरोही झा, नीतिका श्रीवास्तव, सौम्या सिंह, आदित्य पटेल सहित अनेक प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## "अंतस काव्य महोत्सव" में साहित्य, संगीत और संस्कृति का अद्भुत संगम



**जबलपुर।** अंतस साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में अंतस काव्य महोत्सव का आयोजन रत्नशी डीसिल्वा स्कूल, बल्देवबाग में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रख्यात कवियों, कवयित्रियों एवं शायरों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से काव्य-रसिकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य भागवत दुबे, अध्यक्ष महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकारा डॉ. राजलक्ष्मी शिवहरे एवं सारस्वत अतिथि डॉ. एच.बी. पालन ने अपने उद्बोधन से आयोजन को गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया।

मंगल भाव राजेंद्र मिश्रा एवं आलोक पाठक द्वारा व्यक्त किए गए। संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने संस्थागत उद्बोधन दिया। सरस्वती वंदना श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ 'शीलू' ने प्रस्तुत की, जबकि कु. समृद्धि कोरी द्वारा श्री गणेश की भक्ति पर आधारित कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शशि लड़िया एवं रचना श्रीवास्तव ने किया, समन्वयन डॉ. मंजू गोरे एवं ज्योति मिश्रा ने किया। संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं संतोष नेमा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अंतस की निर्देशिका श्रीमती विनीता पैगवार 'विधि' ने किया।

विशेष आकर्षण के रूप में पी.डी. दीक्षित द्वारा बांसुरी वादन एवं राजेश तिवारी द्वारा प्रेरक गीत गायन प्रस्तुत किया गया। आयोजन में अंतस परिवार के यूनुस अदीव, श्रीमती सरोज संतोषी, राकेश पैगवार, श्रीमती अनुकंपा अभय नायक, रिचा कोरी, अमित सिंह बाबा, सुरेश दर्पण, अनुराग कोरी 'साईं', सुमनलता पैगवार सहित अनेक सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार अभय तिवारी, विजय नेमा 'अनुज', इंजी. विनोद नयन, सुभाष सलभ, बसंत शर्मा, संतोष नेमा, निर्मला तिवारी, कामना कौस्तुभ, मन्नान फ़राज़, सुनील तोमर, छाया सिंह, मीना भट्ट, पुरुषोत्तम भट्ट, अमर सिंह वर्मा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। विशेष उपस्थिति में श्रीमती चंद्रावती पैगवार, बृजेश गुप्ता, डॉ. बी.एल. कोरी, इंजी. अनूप कोरी, डॉ. सोनिया कोरी, रंजना गुप्ता, इंजी. अरुण भटनागर, उमेश हंस, राजेन्द्र गोरे, हरिओम हजारी, रमाकांत गौतम, सरस्वती कोरी, मालती कोरी, रमाकांत उपाध्याय एवं सुनीता कोरी उपस्थित रहे।

**मार्कशीट गुमी**

मैं देव जैन आत्मज दिलीप कुमार जैन निवासी 1099, अंधेरदेव जबलपुर यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी बारहवीं आई एस सी बोर्ड की ओरिजनल मार्कशीट जिसकी यूनिक आई.डी. 6984156 एवं इंडेक्स नं. 2214142/037 सन् 2021 की मार्कशीट रास्ते में कहीं गुम हो गयी है। जिस किसी को भी मिले कृपया निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें।.

दिनांक- 26/5/26

देव जैन
1099, अंधेर देव जबलपुर
मो. 8120097585

# पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू के साथ मैरिको की हेयर क्लींजिंग सेगमेंट में एंट्री

**जबलपुर।** भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी मैरिको लिमिटेड ने पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च कर हेयर क्लींजिंग सेगमेंट में कदम रखा है। कंपनी का कहना है कि यह लॉन्च उसकी इनोवेशन आधारित विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।




नई शैंपू रेंज में कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है, जो बालों में प्रोटीन लॉस रोकने और डैमेज रिपेयर में मददगार बताए गए हैं। इस रेंज में एलोवेरा, रोजमेरी, आंवला, शिकाकाई और बादाम जैसे तत्वों वाले आठ वैरिएंट शामिल हैं। मैरिको लिमिटेड के सीईओ इंडिया कोर बिजनेस आशीष गोपाल ने कहा कि शैंपू कैटेगरी में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार ग्राहकों की नेचुरल और भरोसेमंद हेयर केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। वहीं, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने बताया कि कंपनी इस प्रोडक्ट को टीवी, डिजिटल और रिजनल प्लेटफॉर्म्स के जरिए बड़े स्तर पर प्रमोट करेगी। कंपनी के अनुसार, पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू 1 रुपये के सैशे से लेकर 1.2 लीटर तक के पैक में उपलब्ध होगा। इसे जनरल ट्रेड, मॉडर्न ट्रेड और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर बिक्री के लिए उतारा गया है।

# मिंत्रा की एंड ऑफ रीजन सेल 29 मई से 6 मिलियन से अधिक स्टाइल्स पर ऑफर

**जबलपुर।** भारत के प्रमुख फैशन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मिंत्रा ने एंड ऑफ रीजन सेल के 24वें एडिशन की घोषणा की है। यह सेल 29 मई से शुरू होगी, जबकि वीआईपी ग्राहकों को 28 मई से अर्ली एक्सेस मिलेगा। कंपनी के अनुसार, इस बार सेल में 6 मिलियन से अधिक फैशन और लाइफस्टाइल स्टाइल्स उपलब्ध होंगे। इसमें हजारों ग्लोबल, डोमेस्टिक और होमग्रोन डी2सी ब्रांड हिस्सा लेंगे। करीब 15,000 उभरते ब्रांड्स को प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर के ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। मिंत्रा के एसवीपी और हेड ऑफ रेवेन्यू एंड कैटेगरी रितेश मिश्रा ने कहा कि यह सेल भारत के सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट्स में शामिल हो चुकी है और यह ब्रांड्स को विकास, आय बढ़ाने और रोजगार सृजन का बड़ा मंच प्रदान करती है। सेल में फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पादों की बड़ी रेंज उपलब्ध होगी। इसमें Levi's, Nike, Adidas, H&M, Puma और US Polo Association जैसे ब्रांड्स शामिल रहेंगे। इसके अलावा ब्यूटी और पर्सनल केयर कैटेगरी में 2.25 लाख से अधिक स्टाइल्स उपलब्ध होंगी। कंपनी ने ग्राहकों के लिए एआई-पावर्ड स्किन एनालाइजर और वर्चुअल ट्राई-ऑन जैसे टेक्नोलॉजी फीचर्स भी पेश किए हैं, जिससे शॉपिंग अनुभव और आसान होगा।




# गोदरेज फाउंडेशन ने लांच किया 'टुमारो मेकर्स'

**मुंबई।** गोदरेज फाउंडेशन ने देशभर के वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'टुमारो मेकर्स' ) नामक राष्ट्रीय मंच की शुरुआत की है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप से जुड़ा यह स्वतंत्र परोपकारी ट्रस्ट इस पहल के जरिए ऐसे छात्रों की पहचान करेगा जिनमें क्षमता तो है, लेकिन उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। फाउंडेशन का मानना है कि प्रतिभा हर जगह है, लेकिन अवसर नहीं।'टुमारो मेकर्स' को एक दीर्घकालिक मंच के रूप में विकसित किया गया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी (म. प्र.)

क्रमांक/1151/रा.शा./न.पा.प./2026 **द्वितीय ई निविदा आमंत्रण सूचना** सिवनी, दिनांक 21/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्न तालिका अनुसार बस स्टेण्ड वाहन पार्किंग फीस वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वसूली के अधिकारों का हस्तांतरण करने के लिए लम्पसम दर (उच्चतम दर आधार पर) ई - निविदा ऑनलाईन बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की जाती है। निविदायें निर्धारित तिथि (की डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | ठेके का नाम | सरकारी बोली | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _488537_2 | प्रायवेट बस स्टेण्ड वाहन पार्किंग वसूली | 12,88,000 | 2000 128800 | 08/06/26 |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, सिवनी**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

**क्रम संख्या 1, निविदा सूचना संख्या : CPM-GSU-08-NAG-2026-27**
**कार्य का नाम :** नागपुर मंडल के हिरदमाली स्टेशन पर गुड्स शेड का उन्नयन/आधुनिकीकरण तथा अतिरिक्त लूप लाइन एवं गुड्स प्लेटफॉर्म का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 18,41,52,117.56/- **बिड सुरक्षा राशि :** रु. 36,83,100.00/-

**क्रम संख्या 2, निविदा सूचना संख्या : CPM-GSU-09-NAG-2026-27**
**कार्य का नाम :** एसईसीआर के नागपुर मंडल के अंतर्गत स्टेशनों पर यात्री विश्राम स्थल एवं बेंच सुविधाओं में सुधार कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 6,38,32,366.00/- **बिड सुरक्षा राशि :** रु. 12,76,600.00/-

निविदाकर्ता अपनी मूल/ संशोधित निविदाएं **दिनांक 19.06.2026 को 15:00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकेंगे। यह केवल **निविदा सूचना संख्या CPM-GSU-08-NAG-2026-27 एवं CPM-GSU-09-NAG-2026-27** के लिए लागू है। निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त किसी भी मैनुअल ऑफर को निरस्त कर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.ireps.gov.in

**उप मुख्य अभियंता/जीएसयू/नागपुर**
AAA/21/81 **द.पू.म., रेलवे, नागपूर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# मोटोरोला भारत के टॉप-5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल

**जबलपुर।** ग्लोबल टेक कंपनी मोटोरोला ने भारत में अपनी मजबूत ग्रोथ जारी रखते हुए 2026 की पहली तिमाही में देश के टॉप-5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में जगह बना ली है। कंपनी 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान पर थी, जबकि अब वह 5वें स्थान तक पहुंच गई है। आईडीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मोटोरोला का मार्केट शेयर 2024 की पहली तिमाही में 4.6 प्रतिशत से बढ़कर 2026 की पहली तिमाही में 8.9 प्रतिशत हो गया है। कंपनी की इस सफलता के पीछे moto g, motorola edge, razr और नई motorola signature series जैसे प्रीमियम पोर्टफोलियो की अहम भूमिका रही है।




मोटोरोला ने एआई इनोवेशन, आकर्षक डिजाइन और प्रीमियम अनुभव पर खास फोकस किया है। कंपनी ने गूगल जेमिनाई, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट और परप्लेक्सिटी जैसी तकनीकी साझेदारियों के जरिए अपने एआई इकोसिस्टम को मजबूत किया है। वहीं पैंटोन, स्वारोस्की, बोस और फीफा वर्ल्ड कप 2026 जैसी साझेदारियों ने उसके प्रीमियम ब्रांड इमेज को और बढ़ाया है। हाल ही में लॉन्च किए गए Motorola Razr Fold को कंपनी की प्रीमियम इनोवेशन रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। इसमें एडवांस्ड एआई फीचर्स और DXOMARK गोल्ड लेबल कैमरा सिस्टम दिया गया है। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टीएम नरसिंहन ने कहा कि भारतीय उपभोक्ताओं का भरोसा और प्रीमियम इनोवेशन पर फोकस कंपनी की तेजी से बढ़ती सफलता का मुख्य कारण है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी ने शुरू किया दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बैटरी स्टोरेज सिस्टम



**अहमदाबाद।** भारत की प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावॉट-आवर क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) शुरू किया है। कंपनी के अनुसार, यह चीन के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है।एजीईएल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट निर्माण शुरू होने के मात्र 10 महीनों में पूरा हुआ है, जिससे यह दुनिया के सबसे तेज तैयार किए गए यूटिलिटी-स्केल बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट्स में शामिल हो गया है। इससे ग्रिड की भरोसेमंद क्षमता बढ़ेगी और पीक समय में स्वच्छ बिजली आपूर्ति की मजबूती मिलेगी। कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अडानी ने कहा कि बड़े स्तर पर एनर्जी स्टोरेज भारत के स्वच्छ ऊर्जा बदलाव का अहम हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि खावड़ा में शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट 24 घंटे ग्रीन पावर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एजीईएल के मुताबिक, 3.37 गीगावॉट-आवर क्षमता वाला यह सिस्टम लगभग 10 लाख घरों को एक दिन तक बिजली देने में सक्षम है। यह इंदौर, चंडीगढ़ जैसे शहरों या पूरे गोवा राज्य की पीक बिजली जरूरत को भी सपोर्ट कर सकता है। कंपनी वर्ष 2027 तक 10 गीगावॉट-आवर से अधिक बैटरी स्टोरेज क्षमता जोड़ने और अगले पांच वर्षों में इसे बढ़ाकर 50 गीगावॉट-आवर तक पहुंचाने की योजना पर काम कर रही है। वर्तमान में एजीईएल की कुल ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 19.7 गीगावॉट है।

# 'कैरी यॉर वाइब' डिस्कवरी किट लांच

**मुंबई।** फास्ट्रैक परफ्यूम्स ने युवाओं के लिए नई 'कैरी यॉर वाइब' डिस्कवरी किट पेश की है। यह खास तौर पर जेन जी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है, जो स्टाइल और सुविधा दोनों को महत्व देते हैं। कंपनी के अनुसार यह डिस्कवरी किट केवल परफ्यूम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक स्टाइलिश बैग चार्म के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यूजर्स इसे अपने बैग, चाबियों या अन्य एक्सेसरीज के साथ आसानी से कैरी कर सकते हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रंगीन क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
## साउथ सिविल लाईन जबलपुर

एनआईटी नं. 04/2026 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / 2026 जबलपुर दिनांक 22.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_ PWDRB_ 509993_1 | जिला डिण्डोरी | पुल कार्य | डिण्डोरी जिले के अंतर्गत जोगी टिकरिया मुडकी धानामर मार्ग के कि.मी. 8/4 रोरा नाला में पहुँचमार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय आमंत्रण | रू. 469.66 लाख | समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटें) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12/06/2026 शाम 18.00 बजे निर्धारित है । विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी ।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग**
**सेतु संभाग जबलपुर**

जी - 13493/26 स्वच्छता ही सेवा

## कार्यालय नगर परिषद, सांईखेड़ा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)
(Main Road, Sainkheda Phone : 07791-250320 Email: cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.728/729/730/ ई-टेण्डर/2026-27 **निविदा सूचना** सांईखेड़ा, दिनांक - 25/5/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_510106_1 26.05.2026 | वार्ड क्र. 06 तालाब विकास कार्य । | 06 माह 6357274.00 | 10000.00 47800.00 | 29.06.2026 |
| 2 | 2026_UAD_510107_1 26.05.2026 | नगर परिषद सांईखेड़ा हेतु विभिन्न निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य । | 09 माह 2000000.00 | 2000.00 20000.00 | 29.06.2026 |
| 3 | 2026_UAD_510108_1 26.05.2026 | Request for Proposal from Reputed Firms of Chartered Accountants for Accrual Based Double Entry Accounting and Preparation of Annual Financial Statements, and other related works for the Nagar Parishad Sainkheda. | 12 माह 500000.00 | 2000.00 50000.00 | 11.06.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद साईखेड़ा**

## पश्चिम मध्य रेल
### इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना क्रमांक**- डी.आर.एम.डब्लयू.-जे.बी.पी. 74-2026 दिनांक 20.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/ जबलपुर उप-मंडल के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म धुलाई, कोच वाटरिंग तथा अन्य यात्री उपयोग हेतु समर्पित एवं विश्वसनीय 24x7 जल आपूर्ति की व्यवस्था का प्रावधान।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**- ₹9,98,69,283/-, **बयाना राशि रूपये**- ₹19,97,400/-, **समापन अवधि**- 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**- डी.आर.एम.डब्लयू.-जे.बी.पी. 75-2026 दिनांक 21.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- जबलपुर स्थित रेल सौरभ कॉलोनी, लोको तलैया, मिलेनियम कॉलोनी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय, स्टेशन परिसंचरण क्षेत्र आदि में पार्कों का सुधार कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**- ₹66,20,458/-, **बयाना राशि रूपये**- ₹1,32,400/-, **समापन अवधि**- 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**- डी.आर.एम.डब्लयू.-जे.बी.पी. 76-2026 दिनांक 21.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- **सहायक मंडल अभियंता** (मुख्यालय) जबलपुर के अधीन ग्वारीघाट पंप स्टेशन में जैकवेल, इनर वॉल, डक्ट लाईन एवं चेम्बर फेस (माउथ) की प्रत्येक दूसरे माह में, अर्थात वर्ष में 6 बार गाद सफाई/सफाई कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**- ₹23,14,403/-, **बयाना राशि रूपये**- ₹46,300/-, **समापन अवधि**- 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक**- डी.आर.एम. डब्लयू.-जे.बी.पी. 77-2026 दिनांक 22.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- भाग 1 सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उप-मंडल के अंतर्गत कोचिंग डिपो जबलपुर में विद्यमान आधारभूत संरचना में सुधार कार्य। भाग 2 सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उप-मंडल के अंतर्गत कोचिंग डिपो एवं सीडीओ भवन में रिसाव मरम्मत एवं अनूरक्षण कार्य। कार्य का भाग - जबलपुर एवं रीवा में विद्यमान आधारभूत संरचना में सुधार कार्य), **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**- ₹1,81,43,478/-, **बयाना राशि रूपये**- ₹3,62,900/-, **समापन अवधि**- 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे**- 16.06.2026, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने कि तिथि एवं समय 15:15 बजे**-16.06.2026, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है। एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई -निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (SHAHDOL REGION) M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.SHAHDOL NEAR POLE FACTORY, SHAHDOL 484001 (M.P.)
(Tel.07652-231210, 231366) email: cesd104@gmail.com

No. CE/SDL.REG./26-27/TS/619 **TENDER NOTICE** Shahdol dtd: 14.05.2026

Online tenders are invited for transportation of H-Beam and RS Joist under Shahdol Region of MPPKVVCL as per Tender Specifications. The Bid Seals will be received online only on the portal https://mptenders.gov.in. up to date & time indicated below. The tender will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No | Tender Specification No | Name of the Work | Tender Fees (In Rs) | Approx Value (In Lac Rs) | Earnest money (EMD) | Due date of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CE/SDL.REG./ 26-27/TS/619 e-Tender No.2026_PKVVC_ 507569_1 | Transportation of H-Beam and RS Joist under Shahdol Region, MPPKVVCL | 1180/- | 20 lakh | 20,000/- | 29.05.2026 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in envelop-A & Techno-commercial bid in envel- op-B) please refer to the online key dates.

SAVE ELECTRICITY
**CHIEF ENGINEER (SDL.REG.)**
**MPPKVVCL, SHAHDOL**

## राशिफल

**मेष** - मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते है। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** - व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** - लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** - कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** - रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते है। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** - तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** - नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते है। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** - किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते है। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते है।


**धनु** - नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** - नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते है। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते है। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते है।

**मीन** - आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6238



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल,समय,पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु,मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र,बेटा-3
14. क्षार,खारा-2
15. दर,मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा,भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी,सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन,परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त,निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2. सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा,धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय,खौफ-2
20. वेग,गति-3
21. मुंह,चेहरा-2
22. पैर,ओहदा-2
23. वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी,कंद-5
25. सभागार,सभाकक्ष-5
26. भयंकर,खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर,डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 6237 का हल




## सूडोकु नवताल - 6248

कठिनतम



### सूडोकु नवताल-6247 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के खानों में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बीकानेर में सांचू पोस्ट का दौरा किया, बोले

# सीमा पर लगेंगे एंटी ड्रोन सिस्टम, दुश्मनों पर होगी हमारी पैनी नजर

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान प्रहरी सम्मेलन में सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शाह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हेलिकॉप्टर से सांचू पहुंचे थे। उनके साथ राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा भी थे।

**बीएसएफ, सेना और जागरूक नागरिक तीनों मिलकर एक मजबूत सुरक्षा ग्रिड बना सकते हैं। इसके साथ स्थानीय प्रशासन भी शामिल है**

**1 भारत ने मुंहतोड़ जवाब देने की नीति अपनाई**

**2 चौकियों पर पीने का पानी पहुंचाने का काम पूरा**


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सांचू पोस्ट में बीएसएफ जवानों से मुलाकाता की

## आतंकी हमले की कोई हिम्मत नहीं करे

शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की सुरक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन हुए। सेना का आधुनिकीकरण हो रहा है। जहां कुछ बड़े प्रयास आतंकवादियों की ओर से किए जाते हैं, वहां मुंहतोड़ जवाब देने की नीति भारत सरकार ने अपनाई है। हमें सुनिश्चित करना पड़ेगा कि कोई प्रयास करने की हिम्मत ही न करे।

### सीमांत गांवों का विकास किया जा रहा

अमित शाह ने कहा कि सीमांत गांवों का विकास वाइब्रेंट विलेज के तहत हो रहा है। यहां की प्राइमरी, सेकेंडरी और हाई सेकेंडरी स्कूल तक स्टूडेंट्स से संवाद होना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करना पड़ेगा। बीएसएफ, सेना और जागरूक नागरिक तीनों मिलकर एक मजबूत सुरक्षा ग्रिड बना सकते हैं। इसके साथ स्थानीय प्रशासन भी शामिल है।

### *1096 किमी लंबी सड़कें बनेंगी*


*अमित शाह ने कहा कि राजस्थान के रेगिस्तान में लेटरल रोड के निर्माण का काम शुरू किया है। 1096 किमी लंबी लेटरल और 520 किमी लंबी एक्सील रोड दोनों मिलकर बीएसएफ के जवानों के लिए मददगार साबित होंगी। यहां पर न्यू डिजाइन फेंसिंग लगाने का काम चल रहा है। राजस्थान की 180 चौकियों पर पीने का पानी पाइपलाइन से पहुंचाने का काम पूरा हो चुका है।*

### जवानों के साथ किया नाश्ता


सांचू पोस्ट पर अमित शाह ने करीब डेढ़ घंटे बिताए। उन्होंने भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले जवानों से उनके अनुभव व बॉर्डर एक्टिविटी को लेकर बातचीत की। जवानों के साथ उन्होंने नाश्ता भी किया। सांचू पोस्ट से शाह ने दूरबीन से पाकिस्तान बॉर्डर का एरिया भी देखा। वे पहले गृहमंत्री हैं, जिन्होंने इस पोस्ट पर जाकर जवानों से मुलाकात की।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन और स्कूल बस की टक्कर, 4 की मौत


**बुगेनहाउट।** बेल्जियम के बुगेनहाउट शहर में मंगलवार सुबह स्कूल मिनीबस और ट्रेन की टक्कर में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 8 बजे रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर हुआ। मिनीबस में 7 बच्चे, ड्राइवर और एक अटेंडेंट सवार थे। फेडरल पुलिस प्रवक्ता एन बर्जर ने बताया कि बस स्पेशल एजुकेशन स्कूल जा रही थी। ट्रेन में सवार किसी यात्री को चोट नहीं आई, हालांकि एक व्यक्ति सदमे में है। मोबिलिटी मंत्री जीन-ल्यूक क्रुक ने कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक रेलवे क्रॉसिंग के बैरियर नीचे थे।

### सेनेगल में अमीनो लौ नए पीएम नियुक्त


**डाकार।** सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फाये ने पिछले सप्ताह ओस्मान सोनको को पीएम पद से बर्खास्त करने के बाद बैंकिंग क्षेत्र के एक पूर्व अधिकारी को नया पीएम नियुक्त किया है। राष्ट्रपति फाये ने उस्मान सोनको की जगह अहमदौ अल अमीनो लो को सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। फाये ने वर्षों से जारी तनाव के बाद सोनको को बर्खास्त कर दिया था। पास्टेफ पार्टी के दो पूर्व सहयोगियों फाये और सोनको के बीच टकराव के बाद यह बर्खास्तगी की गई थी। दोनों ने पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी को पराजित किया था।

### ईडी ने मादक पदार्थ से जुड़े मामले में की रेड


**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत से श्रीलंका तक मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक कथित गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को चेन्नई और मदुरै में कई स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बताया कि डीआरआई ने 108 करोड़ की हशीश और 150 करोड़ की मेथामफेटामाइन बरामद की थी। यह मादक पदार्थ की यह खेप श्रीलंका भेजे जाने की आशंका थी। ईडी का दावा है कि जॉन ब्रिट्टो इस गिरोह का सरगना था और वह आदतन अपराधी है।

नई दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर बोले

क्वाड देश उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध

# इंडो-पैसिफिक को मजबूत बनाने के लिए साझा हितों के तहत सहयोग बढ़ाएंगे

*जयशंकर ने कहा कि क्वाड के सभी सदस्य बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाएं हैं और आर्थिक मजबूती बढ़ाने के लिए सप्लाई चेन को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक, उत्पादन क्षमता, ऊर्जा, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई*

**वैश्विक परिस्थितयों और इंडो पैसेफिक क्षेत्र की चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की गई**

*चारों देशों में दुनिया की कई बड़ी समस्याओं से निपटने की क्षमता*


संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते क्वाड विदेश मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद कहा कि क्वाड देशों का उद्देश्य आपसी सहयोग को मजबूत करना और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और स्थिर बनाना है। उन्होंने जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। जयशंकर ने कहा कि बैठक में मुख्य रूप से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि क्वाड के चारों सदस्य समुद्री सीमाओं वाले लोकतांत्रिक देश हैं, जो इंडो-पैसिफिक के अलग-अलग हिस्सों में स्थित हैं और साझा हितों के तहत सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी 2026 की पहली बैठक है। 2025 में भी हमारी दो बैठकें हुई थीं। इस दौरान वैश्विक परिस्थितियों और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई।

### ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो: जापान


जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने कहा कि क्वाड देश उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एनर्जी सिक्योरिटी इनिशिएटिव एक सही समय पर उठाया गया कदम है। हम इसे जापान के 'पावर एशिया' कार्यक्रम के साथ जोड़ना चाहते हैं, जो कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए बनाया गया सहयोग ढांचा है।

भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक समझौता

### महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ मृदा तत्वों की सप्लाई चेन में करेंगे सहयोग


भारत और अमेरिका ने मंगलवार को एक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका मकसद महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। ये वही जरूरी पदार्थ हैं जो सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, सोलर पैनल और हाईटेक रक्षा उपकरण बनाने में इस्तेमाल होते हैं। यह समझौता क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुआ, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज हम भारत-अमेरिका के बीच एक ऐसा फ्रेमवर्क साइन कर रहे हैं, जिसका मकसद क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ्स की सप्लाई को सुरक्षित करना है। इस फ्रेमवर्क का मकसद पूरे सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाना है, जिसमें खनन, प्रोसेसिंग, रीसाइक्लिंग और इससे जुड़े निवेश शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह समझौता इसलिए किया गया है, क्योंकि भारत और अमेरिका का साझा रणनीतिक हित है।

### इंडो-पैसिफिक मुक्त, शांतिपूर्ण हो: ऑस्ट्रेलिया


*ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि हम चार संप्रभु देश हैं। हमारा अपना-अपना इतिहास है, अपने-अपने हित हैं लेकिन हमारे हितों में काफी समानता है। हम सभी इंडो-पैसिफिक के लिए एक साझा दृष्टि रखते हैं। एक ऐसा क्षेत्र जो मुक्त और खुला हो, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हो। हम सभी अपनी-अपनी खास समझ, अनुभव और ताकत लेकर मिलकर काम करते हैं ताकि ऐसा क्षेत्र बनाया जा सके।*


### क्वाड कार्रवाई वाला मंच बन रहा: अमेरिका


*अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्वाड समूह अब सिर्फ बातचीत करने वाला मंच नहीं रह गया है बल्कि यह एक 'कार्रवाई-प्रधान' मंच बनता जा रहा है। यहां चारों देश मिलकर साझा मुद्दों पर चर्चा करते हैं और फिर उन पर कार्रवाई भी शुरू करते हैं। चारों देश मिलकर दुनिया की कई बड़ी समस्याओं से निपटने की क्षमता रखते हैं, जैसे मानवीय मदद, समुद्री रास्तों की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, और जरूरी खनिजों और सप्लाई चेन को अलग-अलग स्रोतों से मजबूत करना।*

कनाडा के पीएम से मिले पीयूष गोयल

## व्यापार, निवेश सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने पर दोनों देश सहमत

***कॉर्नी ने भारत-कनाडा सीईपीए को 'गेम चेंजर' कहा***


कनाडा के पीएम मार्क कॉर्नी से चर्चा करते पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ ओटावा

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, भारत-कनाडा आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कनाडा के ओटावा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से भेंट करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

पीयूष गोयल ने पीएम कार्नी की हाल की भारत यात्रा को स्मरण किया, जिससे भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास मिला। दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए दूरदर्शी चर्चा करते हुए भारत-कनाडा सीईपीए के शीघ्र संपन्न होने की आशा व्यक्त की। पीएम कार्नी ने कहा कि भारत के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा और एक व्यापक नए बाज़ार के द्वार खोलेगा।

### *कनाडा के मंत्रियों संग उच्च स्तरीय बैठकें की*

*पीयूष गोयल अपनी इस यात्रा के दौरान 100 से अधिक कंपनियों के उद्योगपतियों सहित अब तक के सबसे बड़े भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। 25 से 27 मई की तीन दिवसीय यात्रा का उद्देश्य भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना है, जिसमें भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए जारी वार्ताओं में तेजी लाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ओटावा में गोयल ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, कृषि और रणनीतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को परिपुष्ट करने के लिए वरिष्ठ कनाडा के नेताओं और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की। गोयल ने भारत-कनाडा सीईपीए वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ रचनात्मक द्विपक्षीय चर्चा भी की। दोनों मंत्रियों ने अब तक संपन्न हुई वार्ताओं के परिणामों की समीक्षा करते हुए व्यापार एवं निवेश प्रवाह को बढ़ाने के भविष्य के अवसरों की पहचान की।*

### एफटीए क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा


पीएम कार्नी ने इस बात पर बल दिया कि भारत के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा और एक व्यापक नए बाज़ार के द्वार खोलेगा। दोनों पक्षों ने संतुलित, व्यावसायिक रूप से सार्थक और महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और अपनी-अपनी टीमों को ऐसे समझौते की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया जो आर्थिक साझेदारियों को मज़बूत बनाने के साथ-साथ दोनों देशों के व्यवसायों और नागरिकों को ठोस लाभ पहुँचाए।

24 डिजाइन परियोजनाएं मंजूर

## सेमीकंडक्टर निवेश बढ़ाने के लिए सरकार ने लॉन्च किया नया पोर्टल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नया ऑनलाइन "इन्वेस्टर सपोर्ट पोर्टल" शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, केंद्र सरकार की सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम के तहत अब तक 12 फैब या पैकेजिंग परियोजनाओं और 24 सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।



### *सिंगल-विंडो सिस्टम*

*यह पोर्टल सुरक्षित और भूमिका-आधारित सिंगल-विंडो डिजिटल इंटरफेस के रूप में काम करेगा, जिससे निवेशकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सकेगा। निवेशक अपनी शिकायतें और सुझाव इस पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे।*

टोक्यो में संयुक्त संगोष्ठी आयोजित

## भारत और जापान के बीच कुशल कार्यबल सहयोग को मिली गति

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

भारत और जापान के बीच कार्यबल गतिशीलता और मानव संसाधन सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से टोक्यो में एक संयुक्त संगोष्ठी आयोजित की गई। जापान स्थित भारतीय दूतावास और आसियान वन कंपनी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी ने मुख्य संबोधन दिया।



### *भारत-जापान सहयोग पर साझा मंच*

*संगोष्ठी में जापानी नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और कार्यबल गतिशीलता से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र भारत और जापान के बीच कुशल कार्यबल, मानव संसाधन विकास और दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत बनाना रहा।*

कोरोना के बाद अब इबोला की वैक्सीन बनाएगा सीरम इंस्टीट्यूट

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ हुआ बड़ा करार जल्द तैयार होगा पहला डोज, परीक्षण शुरू किए

***दावा- कुछ महीनों में क्लीनिकल ग्रेड वैक्सीन तैयार एक ही डोज होगा प्रभावी, दूसरे की जरूरत ही नहीं***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाली भारतीय दवा निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने खतरनाक 'इबोला वायरस' की वैक्सीन तैयार करने के लिए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है। यह साझेदारी भविष्य में इबोला के प्रकोप को रोकने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। इबोला वायरस से निपटने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के शोधकर्ता नई वैक्सीन विकसित करने और आने वाले समय में इसे रोल आउट करने की तैयारी में जुट गए हैं। इस वैक्सीन के निर्माण और बड़े पैमाने पर उत्पादन में भारत की पुणे स्थित बायोटेक कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया अहम भूमिका निभाएगी।


पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का ऑफिस

### *जानवरों पर ट्रायल शुरू हो चुके*

*ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप और पैंडेमिक साइंसेज इंस्टीट्यूट की हेड ऑफ वैक्सीन इम्यूनोलॉजी प्रोफेसर टेरेसा लैम्बे ने बताया कि इस वैक्सीन के लिए जानवरों पर परीक्षण पहले ही शुरू हो चुके हैं और दुनिया भर के साझेदार संस्थानों के साथ काम को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों के अंदर क्लीनिकल ग्रेड वैक्सीन डोज तैयार हो जाएगी।*

## गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़



### सुरक्षा के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए गए

***उत्तरकाशी।** गंगा दशहरे के दिन गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाहरी श्रद्धालुओं के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग भी अपने देवी-देवताओं के साथ यहां पहुंचे हैं। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि इस बार गंगा दशहरे के अवसर पर गंगोत्री धाम में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें गंगा दशलहरी, गंगा स्तोत्र और गंगा के धरती पर अवतरण की कहानी का पाठ शामिल है। सेमवाल ने बताया कि गंगा दशहरे के मौके पर यहां दर्शन करने से अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। पुलिस और जिला प्रशासन ने सुरक्षा के लिए गंगोत्री के विभिन्न भागों में अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए एसडीआरएफ की एक टुकड़ी भी घाटों पर अतिरिक्त रूप से तैनात रहेगी।*

सीजफायर के बीच फायर: अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला

# दावा- ईरान ने अमेरिका का एमक्यू-9 रीपर ड्रोन गिराया

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी एमक्यू-9 B ड्रोन को मार गिराया है और ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसे एक लड़ाकू विमान पर भी फायरिंग की है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ईरानी फोर्स ने इसके अलावा एक आरक्यू-4 रीपर ड्रोन और घुसपैठ करने वाले एफ-35 लड़ाकू विमान पर कार्रवाई की। ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी और अमेरिका के पास इस क्षेत्र में अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं रहेगा। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा।

**खामनेई बोले- अमेरिका के पास सुरक्षित ठिकाना नहीं**


डोनाल्ड ट्रंप | मोजतबा खामेनेई

### मिसाइल लॉन्च साइट्स पर हमला

इससे पहले अमेरिका ने दक्षिणी ईरान में रातभर कई ठिकानों पर हमले किए। अमेरिकी सेना ने कहा कि उन्होंने उन नौकाओं को निशाना बनाया गया जो समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही थीं। इसके अलावा मिसाइल लॉन्च साइट्स पर भी हमला किया गया।

### *दूसरे देश में नष्ट हो ईरान का यूरेनियम*

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका अब इस बात के लिए तैयार है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम को नष्ट करने के लिए अमेरिका भेजने के बजाय किसी दूसरे स्वीकार्य देश में ट्रांसफर कर सकता है। यह पूरी प्रक्रिया परमाणु ऊर्जा आयोग की कड़ी निगरानी में होगी।*

### *अब्राहम समझौते में शामिल नहीं होगा पाक*

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुस्लिम देशों से अब्राहम समझौते में शामिल होने की मांग की थी। वहीं, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद किसी भी ऐसे समझौते का समर्थन नहीं करेगा जो देश की मौलिक विचारधाराओं के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ कैसे बैठेंगे जिन पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? हमारे पासपोर्ट में इजराइल का नाम शामिल नहीं है।*

### *पीएम नेतन्याहू अचानक अस्पताल में भर्ती*

*इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम यरुशलम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीएम कार्यालय के अनुसार नेतन्याहू को यरुशलम स्थित हदासाह ऐन केरम मेडिकल सेंटर ले जाया गया।*

ऑरेंज कैप



सांई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

# फ्रेंच ओपन : 19 वर्षीय जोडर ने खेला डेब्यू मैच, गंवाए केवल पांच गेम

## अमेरिका के कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया

एजेंसी ▶▶| पेरिस

जब दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण बाहर हो गए हैं और फ्रांस के 21 वर्षीय आर्थर फिल्स भी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं तब स्पेन के 19 वर्षीय राफेल जोडर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की राह में सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं।

पिछले कुछ समय से एटीपी प्रतियोगिताओं में धूम मचा रहे जोडर ने फ्रेंच ओपन में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया। जोडर ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहले मैच में केवल पांच गेम गंवाए। फ्रेंच ओपन में पदार्पण पर इससे कम गेम गंवाने वाले आखिरी खिलाड़ी नोवाक जोकोविच थे, जिन्होंने 2005 में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ तीन गेम गंवाए थे।



### रैंकिंग में जोडर ने लगाई लंबी छलांग

जोडर ने कहा, 'मैंने शुरुआत से ही बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मेरा (टूर पर) पहला साल है और पिछले कुछ महीनों में मैंने बहुत कुछ सीखा है।' इस युवा खिलाड़ी ने अपने पिछले 19 मैचों में से 16 जीते हैं। उन्होंने इस बीच मोरक्को में क्ले कोर्ट पर ट्रॉफी जीती, बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे। एक साल पहले जोडर की रैंकिंग 707वीं थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग 29वीं है और पेरिस में उन्हें 27वीं वरीयता हासिल है।




### स्वियातेक ने जोन्स को किया बाहर


इस बीच चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में 136वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एमर्सन जोन्स को 6-1, 6-2 से हराकर बाहर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से और इटालियन ओपन विजेता एलिना स्वितोलिना ने अन्ना बोंडार को 3-6, 6-1, 7-6 (3) से हराया।



### मोनफिल्स ने टेनिस को कहा अलविदा

गेल मोनफिल्स ने अपने हमवतन फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन से 6-2, 6-3, 3-6, 2-6, 6-0 से हारने के बाद टेनिस को अलविदा कहा। आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने टोबी सैमुअल को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने रोमन सफिउलिन के खिलाफ 6-2, 7-6 (5), 5-7, 0-6, 6-2 से जीत हासिल की।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में योगासान को शामिल करने पर जोर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के लिए जोर दिया जाएगा। यह खेल चार से आठ जून तक अहमदाबाद में पहली विश्व चैंपियनशिप के साथ विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। इस विश्व चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 529 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें से 114 भारतीय योगासन खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय टीम का चयन ट्रायल के बाद किया गया था और अभी वह अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है।

### आईएएमई सीरीज में शिव नील पर रहेगी नजर


**कोयंबटूर।** आईएएमई कार्टिंग की प्रतियोगिता आईएएमई सीरीज इंडिया में भारत के पहले एफवन ड्राइवर नरेन कार्तिकेयन के बेटे शिव नील पर सबकी नजर रहेगी।



आरए मोटरस्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें पांच राउंड होंगे। इस सीरीज का पहला राउंड 31 मई को सीओएएसटीटी सर्किट में होगा, जिसमें 34 प्रतिभागी भाग लेंगे। आईएएमई का का पूरा नाम इटालियन अमेरिकी मोटर इंजीनियरिंग है। इसमें खिलाड़ी मिनी अंडर10, मिनी, जूनियर और सीनियर वर्गों में हिस्सा लेंगे। नील के अलावा रेहान खान रशीद और आरुतरन प्रभु भी आकर्षण का केंद्र होंगे। इस सीरीज का दूसरा चरण भी 28 जून को कोयंबटूर में होगा।

### मार्श बाहर, जोश इंग्लिश को ऑस्ट्रेलिया टीम की कमान

**नई दिल्ली।** टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। ऐसे में जोश इंग्लिश को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, मिशेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मार्श की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंग्लिश पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मिशेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा रहे। चोट के कारण वह पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में नहीं खेल सके थे।

## एलिमिनेटर : आज शाम 7.30 बजे से रियान पराग और पैट कमिंस की टीमों में मुकाबला

# सूर्यवंशी-आर्चर पर रॉयल्स की उम्मीदें विस्फोटक सनराइजर्स से आज टक्कर

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को आईपीएल के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेजतर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी 7 मैचों में से 5 में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी।

### एसआरएच और आरआर का हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की अब तक 23 मुकाबलों में भिड़ंत हुई है। इनमें से 14 मुकाबलों में एसआरएच ने जीत दर्ज की है, जबकि आरआर ने 9 मैच जीते हैं। आईपीएल 2026 में एसआरएच और आरआर की दो बार भिड़ंत हुई है और दोनों ही दफा सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की है। पैट कमिंस की अगुवाई में एसआरएच अपने दबदबे को एलिमिनेटर मुकाबले में भी कायम रखना चाहेगी।





### सनराइजर्स का रिकॉर्ड प्लेऑफ में खराब

सनराइजर्स हैदराबाद का रिकॉर्ड आईपीएल प्लेऑफ में खराब रहा है। एसआरएच 8वीं बार अंतिम चार में पहुंची है। टीम ने प्लेऑफ में अब तक कुल 14 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सनराइजर्स हैदराबाद को 6 में जीत नसीब हुई है, तो 8 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। एसआरएच ने साल 2024 में आखिरी बार प्लेऑफ का टिकट कटाया था और टीम फाइनल तक का सफर तय करने में सफल रही थी।

### रॉयल्स ने प्लेऑफ में खेले कुल 11 मुकाबले

साल 2008 में आईपीएल की ट्रॉफी को अपने नाम करने वाली राजस्थान रॉयल्स ने प्लेऑफ में अब तक कुल 11 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम को 5 मुकाबलों में जीत मिली है, तो 6 में हार का सामना करना पड़ा है। आरआर साल 2024 में आखिरी बार प्लेऑफ में पहुंची थी, जहां टीम को दूसरे क्वालिफायर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।


### हमें अपनी लय बनाए रखनी होगी : संगकारा

रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा, 'हैदराबाद की टीम बहुत अच्छी है और वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें खुद पर भरोसा है कि वे खुलकर खेलेंगे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में ऐसा ही किया है। हमें वास्तव में अपनी लय बनाए रखनी होगी। अनुशासित रहना होगा और यह समझना होगा कि वह ऐसी टीम नहीं है, जिसे आप 120 या 130 रन पर रोक सकते हैं। हमें अपनी लाइन और लेंथ को लेकर आक्रामक रहना होगा।'

**मैच का समय :** शाम 7.30 बजे

# डिविलियर्स ने 88 गेंद में कूटे 247 रन, लगातार लगाए 6 सिक्स

## टीम ने बनाया 447 का स्कोर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू डिविलियर्स ने विस्फोटक बैटिंग से धूम मचा दी। उन्होंने मैच में 88 गेंद में 247 रन की पारी खेली। मैथ्यू डिविलियर्स ने 23 चौके और 22 छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने लगातार छह छक्के लगाने का कमाल भी किया।

मैथ्यू डिविलियर्स ने दोहरे शतक वाली पारी एनपीसीएल 40 ओवर कप टूर्नामेंट में खेली। वे लॉन्गरिज क्रिकेट क्लब टीम का हिस्सा थे। डिविलियर्स के आतिशी खेल से इस क्लब ने व्हेली क्रिकेट क्लब के सामने 40 ओवर में चार विकेट पर 447 रन का स्कोर बनाया।

### व्हेली टीम 112 पर ढेर

व्हेली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 ओवर में 112 पर ढेर हो गई. उसे 355 रन से हार मिली। इस टीम के चार ही बल्लेबाज दहाई के पार जा सके लेकिन इनमें से भी कोई 20 रन से आगे नहीं गया। लॉन्गरिज की ओर से व्हाइटहेड सबसे सफल रहे जिन्होंने 15 रन देकर चार शिकार किए। 25 साल के डिविलियर्स साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज हैं। वे साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इस टीम के लिए उन्होंने 11 मैच में 116 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका के घरेलू वनडे टूर्नामेंट में उन्होंने बोलैंड के खिलाफ 77 गेंद में 133 रन की पारी खेली थी। उन्होंने अभी तक 12 फर्स्ट क्लास मैच में 659, आठ लिस्ट ए में 389 और 20 टी20 में 545 रन बनाए हैं। वे घरेलू क्रिकेट में वॉरियर्स टीम की तरफ से खेलते हैं।

# हैमस्ट्रिंग का शिकार हुए स्ट्राइकर मेस्सी फुटबॉल विश्वकप खेलने पर संशय!

एजेंसी ▶▶| मियामी

इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में समस्या है, जो विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के लिए अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करने से पहले बुरी खबर है। मेस्सी के चिकित्सा परीक्षण किए गए।

यह किस तरह के परीक्षण थे इसका खुलासा नहीं किया गया लेकिन यह बताया गया कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में कुछ समस्या है। मेस्सी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे। इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे।



### पूरी तरह फिट होने पर ही खेलेंगे विश्व कप

इंटर मियामी ने कहा, 'शारीरिक गतिविधियों में उनकी वापसी की समयसीमा उनकी चिकित्सकीय और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगी।' मेस्सी की इस चोट के कारण अर्जेंटीना की विश्व कप की योजनाओं को करारा झटका लग सकता है क्योंकि यह स्टार स्ट्राइकर पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे।

## पन्नीरसेल्वम ने जीते दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने श्रीलंका में राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने प्रत्येक प्रारुप में सात राउंड में 6.5 अंक हासिल करके दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रैपिड



स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर श्रीहरि ने रजत और जीएम मित्राभा ने कांस्य पदक हासिल किया। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर रोहित कृष्णा ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक जीता। मित्राभा ने क्लासिकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि श्रीलंका के रानिंदु लियानागे ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 26 मई तक किया गया, जिसमें भारत, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मॉरीशस, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कीनिया, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड और कनाडा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## आईसीसी विमेंस रैंकिंग


# लिंसी ने लगाई 38 पायदान की छलांग, बनीं 'नंबर-2' गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ नवीनतम आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 38 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। लिंसी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी ने टी20 रैंकिंग में अपनी साथी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को पछाड़ दिया है, जो अब रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

### गेंदबाजों में शीर्ष 7 में 4 खिलाड़ी इंग्लैंड के

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 7 में से 4 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 3 विकेट हासिल किए थे, लेकिन अंतिम मुकाबले में नहीं खेल सकीं। वह फिलहाल चौथे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन ने सीरीज में पांच विकेट लेकर सातवें स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है।




### सोफी ने की टॉप-10 में वापसी

बल्लेबाजी रैंकिंग पर नजर डालें तो न्यूजीलैंड की पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन 2 साल में पहली बार टॉप-10 में वापसी करने में सफल रहीं। उन्होंने इस सीरीज में कुल 132 रन बनाए, जिसमें शुरुआती 2 मुकाबलों में 45 और 87 रनों की पारियां शामिल हैं।

### शैफाली को हुआ एक स्थान का फायदा

बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो वहां भी टॉप-10 में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा एक स्थान आगे आई गई हैं और वह 729 रेटिंग पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं शैफाली वर्मा को भी फायदा मिला है, वह 724 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आठवें से सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट : कार्लसन को करना पड़ा पहले दौर में हार का सामना

# मैराथन मुकाबले में जीते गुकेश, प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली को हराया

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की और आर प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली सो को हराया, लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

गुकेश ने लगभग 5 घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आर्मागेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई।





### फिरोजा ने हासिल किए तीन अंक

प्रज्ञाननंदा और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला भी ड्रॉ रहा लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने आर्मागेडन टाईब्रेक में शानदार जीत हासिल की। दिन में हालांकि चर्चा का विषय मौजूदा चैंपियन कार्लसन की क्लासिकल शतरंज में अलीरेजा फिरोजा के हाथों हार थी। इस जीत से फिरोजा ने तीन अंक हासिल किए। कार्लसन ने मैच के अधिकांश हिस्से में नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन समय की कमी के कारण उनसे एक बड़ी चूक हो गई, जिससे फिरोजा को बढ़त मिल गई। फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर ने इसका फायदा उठाते हुए जीत हासिल करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

### गुकेश-प्रज्ञाननंदा दूसरे स्थान पर

फिरोजा ने इस तरह से 10 दौर की प्रतियोगिता में तीन अंकों के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा 1.5-1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो और कीमर के एक-एक अंक हैं, जबकि कार्लसन ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है।

### हम्पी और दिव्या जीती

महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा ने कोनेरु हम्पी पर क्लासिकल मुकाबले में ही जीत हासिल की। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक को झू जिनर ने आर्मागेडन टाईब्रेक में हराया। दिव्या देशमुख ने महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ आर्मागेडन में शानदार प्रदर्शन करते हुए टाईब्रेक में जीत हासिल की।

**2 दिनों से पारा 43.09 डिग्री पर स्थिर**

# आसमान से आग बरसी पारा 44 डिग्री के करीब

**जबलपुर।** नौतपा के दूसरे दिन तापमान ने जमकर अकड़ दिखाई। पारा 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। मंगलवार को भी आसमान से आग बरसी और चारों तरफ उमस भरी गर्मी का माहौल बना रहा। दिन में तेज धूप की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के साथ-साथ उमस का भी एहसास हुआ।



नौपतपा का दूसरा दिन सर्वाधिक गर्म रहा, गर्म लू के थपेड़ों ने लोगों के पसीने छुड़ा दिये। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। काम धंधे सब मंदे हो गये थे। शाम 6.30 बजे सूर्यास्त होने के बाद भी देर रात तक तपन बनी रही। गर्मी से राहत पाने लोग तालाबों और नदी के किनारे शाम को भ्रमण करने पहुंचे। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पारा भी और ऊपर जाएगा। वहीं मौसम विभाग ने गर्म लू से बचाव के लिये एडवाईजरी जारी की है। धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गई है। आवश्यक होने पर सिर को अच्छी तरह से ढककर ही धूप में निकले। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थों और पानी का सेवन करने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस समान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जो इस सीजन का अबतक का सबसे अधिक तापमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 35 प्रतिशत और सायंकाल 24 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 5.25 और सूर्यास्त शाम 6.50 पर होगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 38.3 और न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में और उछाल आएगा।

**गोसलपुर बरनू तिराहा के समीप देर रात हादसा**

# खडे ट्रक से बाईक टकराई 1 युवक की मौत, 2 गंभीर


**जबलपुर।** शहर से 26 किमी दूर गोसलपुर थानांतर्गत बरनू तिराहा के समीप दरमियानी रात एक तेज गति सें भागती मोटरसाइकिल के सडक किनारे खडे ट्रक से टकरा जाने के कारण मोटर साइकिल में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने दोनों घायलों को समीपी अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया। इसके साथ ही मृतक के शव को पीएम के लिए रवाना कर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। घटना के संबंध में गोसलपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार सिहोरा के पौंडी ग्राम का रहने वाला 20 वर्षीय ललित गुलशन बीती रात अपने दोस्त आशीष चक्रवर्ती व अजय राय को लेकर बाइक से अपने गांव जा रहा था। बताया जाता है कि तेज रफ्तार बाईक गोसलपुर के बरनू तिराहा के समीप तक पहुंची ही थी कि ललित वहां खड़े सडक किनारे खडे ट्रक को नहीं देख सका और एक झटके के साथ उसकी बाईक ट्रक से टकरा गई। इस घटना में जहां ललित को गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसके दोनो साथी भी गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और मुआयना बाद शव को पीएम के लिए रवाना करने के साथ ही घायलों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया।



**प्रधान जिला न्यायाधीश की कोर्ट ने अपराधिक अपील खारिज कर कहा**

# न्यायाधीश से न्याय न मिलने की आशंका पर नहीं कर सकते केस ट्रांसफर

**जबलपुर।** प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा की अदालत ने अपने एक आदेश में साफ किया कि सिर्फ न्यायाधीश से न्याय न मिलने की आशंका केस ट्रांसफर का आधार नहीं हो सकती। कायदे से न्याय की विफलता की युक्तियुक्त आशंका विद्यमान होनी चाहिए। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने एक अपराधिक मामले को दूसरी अदालत में ट्रांसफर करने की मांग नामंजूर करते हुए उसकी अर्जी निरस्त कर दी। जबलपुर के दीक्षितपुरा के रहने वाले राजेश कुमार अवस्थी के खिलाफ पुलिस थाना माढ़ोताल में धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में चल रहा था। इसी मामले में आरोपी राजेश ने सत्र न्यायालय में एक झूठी अर्जी लगाई कि जज की पहचान शिकायतकर्ता पक्ष से है। वे पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं। इसलिए उन्हें निष्पक्ष न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। लिहाजा, इस केस को किसी दूसरे जज के पास ट्रांसफर कर दिया जाए। आरोपी पक्ष ने कोर्ट द्वारा बीएनएनएस की धारा 107 की कार्रवाई शुरू किए जाने को भी पूर्वाग्रह बताया। दलील गई कि जज ने बिना किसी आवेदन के स्वतः संज्ञान लेकर आरोपी राजेश अवस्थी, उसकी बहन रश्मि अवस्थी और मां गीता अवस्थी के बैंक खाते सील करने का आदेश जारी किया था। इस पर शिकायतकर्ता पक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी के वकील आदर्श सिंह चौहान ने तर्क दिया कि आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट तक सिविल केस हारने के बाद भी विवादित संपत्ति अवैध रूप से बेची है।आरोपी जानबूझकर केस की कार्यवाही लटकाने के लिए यह आवेदन लेकर आया है। महत्वपूर्ण तथ्य छिपाकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की। अतः जज बदलने की अर्जी खारिज की जानी चाहिए। सत्र न्यायालय ने न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार से इस संबंध में टीप मांगी, तो उन्होंने आरोपी के सभी आरोपों को सिरे से निरस्त करते हुए इसे पूर्णतः असत्य और आधारहीन बताया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि यह आशंका कि उन्हें पीठासीन अधिकारी से न्याय प्राप्त नहीं हो पायेगा, पूर्णतः काल्पनिक एवं आधारहीन है। केवल कल्पनाओं और आशंकाओं के आधार पर केस ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। सत्र न्यायाधीश मिश्र ने सुप्रीम कोर्ट के उस्मान गनी अदमभाई वहोरा बनाम गुजरात राज्य (2016)' मामले का जिक्र किया । कहा कि न्याय सिर्फ होना नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी सिर्फ मनगढ़ंत आशंका जताकर जज बदलने की मांग करने लगे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240